page 1_Layout 1 30-09-2026 22:06 Page 1

अनमोल वचन

'मानसिक निर्बलता को दूर करके मजबूत मन से निर्णय लेने चाहिए।'

डेली

आवाज भारती

बुलंद भारत की बुलंद आवाज़

» बरनाला, मोहाली, चंडीगढ़ » वीरवार, 1 अक्तूबर 2026 » वर्ष : 01 अंक :159 » मूल्य : 3 रू. » RNI NO. : PBHIN/26/A2687 » स्थानीय संपादक : हेमंत मित्तल



पढ़े पृष्ठ 6 पर...

आज का भारती



किसान परिवार की बेटी चिकिथा ने रचा इतिहास

एशियन गेम्स में दो गोल्ड जीतकर बढ़ाया देश का मान

तेलंगाना के किसान परिवार से आने वाली चिकिथा तनिपर्थी ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कंपाउंड आर्चरी में एक ही दिन दो स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। पहले उन्होंने ज्योति सुरेखा वेन्नम और पृथिका प्रदीप के साथ महिला टीम स्पर्धा में चीन को हराकर गोल्ड जीता। इसके बाद साहिल जाधव के साथ मिक्स्ड टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया को हराकर दूसरा स्वर्ण अपने नाम किया।

दुबई से इज़रायल जा रही फ्लाइट को हाईजैक की कोशिश!

को-पायलट ने साथी पायलट पर चाकू से किया हमला, घायल



नई दिल्ली। दुबई से इज़रायल के लिए जा रही फ्लाई दुबई की फ्लाइट को हाईजैक करने की कोशिश की गई है। फ्लाइट में को-पायलट ने अपने साथी पायलट पर चाकू मारकर घायल कर दिया और अपने हाथ में पूरा कंट्रोल लेने की कोशिश की पर इस दौरान महज एक मिनट के अंदर ही फ्लाइट 17 हजार फीट नीचे आ गई, जिस कारण यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। जिसके बाद फ्लाइट से हाईजैक का अलर्ट मैसेज भेजा गया।

भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में नार्को-टेरिज्म पर किया बड़ा प्रहार

3000 करोड़ की ड्रग्स के साथ पांच पाकिस्तानी काबू

विदेशी ड्रग्स सिंडिकेट की आर्थिक कमर तोड़ी

डेली आवाज भारती





गुजरात : भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्र में नार्को-टेरिज्म पर बड़ा प्रहार किया है. एक बड़े अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट की 3,000 करोड़ रुपये की ड्रग्स जब्त की गई है. अंतरराष्ट्रीय नार्को-टेररिज्म नेटवर्क की कमर तोड़ने वाले इस एक्े शन में भारतीय तटरक्षक बल ने गुजरात के एंटी-टेररिज्म स्क्वाड (ATS) के साथ मिलकर लक्षद्वीप के पश्चिम में अरब सागर में तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया है. इस ऑपरेशन में 5 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनके कनेक्े शन पाकिस्तान से जुड़ते नजर आ रहे हैं। ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर सटीक समुद्री और हवाई निगरानी करते हुए, भारतीय तटरक्षक बल ने लगातार पीछा किया और 25 सितंबर 2026 को संदिग्ध ईरानी नाव (dhow) को रोककर उस पर कार्रवाई की और तस्े करों के मंसूबों को नाकाम कर दिया. समुद्र में हुए इस ऑपरेशन में लगभग 526 किलोग्राम हाई ग्रेड ड्रग्स (हेरोइन और मेथामफेटामाइन) जब्त की गई. इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 3,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बताई जा रही है. साथ ही, नाव चला रहे पांच पाकिस्तानी नागरिकों को भी तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पकड़ी गई नाव, उसके चालक दल और जब्त ड्रग्स को कड़ी सुरक्षा के बीच मुंबई लाया गया है, ताकि पूछताछ और कई एजेंसियों द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा सके. यह ऑपरेशन भारतीय तटरक्षक बल की समुद्री ताकत, मजबूत निगरानी तंत्र और भारत के समुद्री इलाकों में गैर-कानूनी गतिविधियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' (सख्त रुख) की नीति को दिखाता है. विदेशी सिंडिकेट की आर्थिक कमर तोड़कर और खतरनाक सिंथेटिक ड्रग्स को टारगेट पर पहुंचने से पहले ही रोककर एक बड़े मिशन को अंजाम दिया गया. यह मिशन केंद्र सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के राष्ट्रीय विजन को और मजबूत बनाता है. ड्रग्स तस्करी के आरोप में 5 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है. साथ ही नार्को टेरर नेटवर्क के खिलाफ ये बड़ी कामयाबी मानी जा रही है. लंबे समय से इसको लेकर इनपुट भी थे और आखिरकार इस पूरे मामले में कार्रवाई की गई है. इस मामले में 5 पाकिस्तानी नागरिक गिरफ्तार हुए हैं, अब उनसे पूछताछ तो पता चलेगा कि नेक्सस कब से सक्रिय था.

बताया जा रहा है कि ऑपरेशन में काफी देर से एरियल सर्विलांस रखा गया था, ह्यूमन इंटेलिजेंस पर काम किया जा रहा था. जैसे ही बोट नजर आई तटरक्षक और गुजरात ATS की टीम ने बोट को रोक लिया और 5 लोगों को गिरफ्तार किया. पाकिस्तान की कोशिश यही है कि ड्रग्स बेचा जाए, कभी समुद्र के रास्ते, कभी इंटरनेशनल बॉर्डर से, कभी स्पष्ट से. क्योंकि ड्रग्स बेचने के बाद जो पैसा इकट्ठा होता है वो आतंकवादी गतिविधियों, हथियार खरीदने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में आर्तकियों के नेटवर्क पर भी इसका असर पड़ेगा.

31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को चिट्टा मुक्त कर देंगे...अमित शाह का बड़ा ऐलान

डेली आवाज भारती



जालंधर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर के परागपुर में आयोजित भाजपा की नशा मुक्त पंजाब यात्रा की समापन रैली को संबोधित किया। पंजाब के लोगों को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सबसे पहले महान सिख गुरुओं की धरती को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि जालंधर आना उनके लिए सौभाग्य की बात है और पंजाब को नशे से मुक्त करने के अभियान के लिए यहां आना उनके लिए परम सौभाग्य है। शाह ने कहा कि पंजाब को नशे से मुक्त करना भाजपा के अभियान का प्रमुख मुद्दा रहेगा। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पंजाब में सिंथेटिक ड्रग्स के कारोबार को खुले तौर पर चलने दिया गया और नशे के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने लोगों से भाजपा का समर्थन करने की अपील करते हुए नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। रैली में अमित शाह ने पंजाब में नशे के मुद्दे को अपने संबोधन के केंद्र में रखा। अगर पंजाब में भाजपा को सरकार बनाने का मौका मिलता है तो 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को चिट्टे के कारोबार से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने नशे से प्रभावित परिवारों का भी जिक्र किया और ड्रग तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही।

सरकार के विज्ञापन खर्च पर उठाए सवाल

अमित शाह ने पंजाब सरकार के विज्ञापन खर्च को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि पंजाब सरकार हर साल 785 करोड़ रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर रही है। सरकार ने पंजाब की जनता से कई वादे किए थे और अब इन वादों का हिसाब देना चाहिए। 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के राजनीतिक अभियान के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पीआरटीसी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, कंडक्टर की मौके पर ही मौत



दोराहा। दोराहा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीआरटीसी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में इतनी भयावह थी कि बस कंडक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मृतक कंडक्टर का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और घटनास्थल पर चीख-पुकार सुनाई दी। आसपास मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए हाथ बढ़ाया और बस में फंसे लोगों को निकालने के लिए बचाव अभियान शुरू किया। इसके बाद दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

हरियाणा के छोरे का धाकड़ दांव

एशियन गेम्स 2026: सुनील कुमार ने जीता ब्रॉन्ज मैडल, गांव में खुशी का माहौल

गन्नौर : गन्नौर के डबरपुर गांव के पहलवान सुनील कुमार ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पुरुषों के ग्रीको-रोमन 87 किलोग्राम भारवर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में सुनील कुमार ने फिलीपींस के पहलवान को 9-0 से हराकर पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही एशियन गेम्स में सुनील ने लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीतने की उपलब्धि हासिल की है। बता दें कि इससे पहले उन्होंने हांगझोउ एशियन गेम्स में भी कांस्य पदक जीता था।



जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना ने आतंकी मूसा को किया ढेर

डेली आवाज भारती

बडगाम। जम्मू-कश्मीर के बडगाम में सुरक्षाबलों ने मंगलवार देर रात लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर हाशिम मूसा को मार गिराया है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और CRPF को आतंकियों की इनपुट मिली थी। जिसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान ही आतंकियों ने फायरिंग कर दी, जिसके बाद सेना की जवाबी फायरिंग में आतंकी मूसा मारा गया। आतंकी हाशिम मूसा पाकिस्तानी नागरिक बताया गया है। वह पाकिस्तान आर्मी के स्स्त्र का पूर्व पैरा-कमांडो था। 2022 में घुसपैठ के जरिए कश्मीर घाटी में दाखिल हुआ था। इंडियन आर्मी ने इस ऑपरेशन को कोराग नाम दिया। मूसा की मौत के बाद भी सेना का इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

लश्कर का था टॉप कमांडर



सितंबर में 5 आतंकी सेना ने किए ढेर

***जम्मू-कश्मीर** के उधमपुर और बडगाम जिले में 1 से 30 सितंबर के बीच 5 आतकी मारे गए। 5 सितंबर को बडगाम में यासिर को मार गिराया गया। 17 सितंबर को उधमपुर में दो पाकिस्तानी आतंकियों सद्दाम और मुस्तफा को ढेर किया गया। एक आतंकी का सड़ा हुआ शव इसी महीने मिला था।*

जालंधर नार्थ में कांग्रेस के धरने पर गरमाई सियासत, मेयर विनीत धीर बोले- 'अवतार हैनरी के दफ्तर के बाहर दें धरना'

- **विकास कार्य होने के बाद मुद्दों पर प्रदर्शन कर रही है कांग्रेस**
- **असल में नार्थ के पिछड़ेपन को हैनरी पिता-पुत्र जिम्मेदार**

10 साल से बावा हैनरी विधायक, तब विकास क्यों नहीं हुआ?

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः जालंधर नॉर्थ विधानसभा हलके में विकास कार्यों को लेकर कांग्रेस की ओर से लगाए गए धरने के बाद सियासत गरमा गई है। जालंधर नॉर्थ के इंचार्ज और मेयर विनीत धीर ने कांग्रेस विधायक बावा हैनरी और उनके परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कांग्रेस कार्यकर्ता विकास कार्यों को लेकर धरना देना चाहते हैं तो उन्हें अवतार हैनरी के दफ्तर के बाहर धरना देना चाहिए। हैनरी के पिता अवतार जालंधर नॉर्थ से तीन बार विधायक रह चुके हैं और पंजाब सरकार में मंत्री रहे हैं। अवतार हैनरी 1992, 1997 और 2002 में जालंधर नॉर्थ सीट से विधायक और पंजाब में मंत्री रहे। मेयर विनीत धीर ने लम्मा पिंड चौक, बल्टर्न पार्क, दोमोरिया पुल और गाजी गुल्ल्रां की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें से कई मुद्दे लंबे समय से चले आ रहे हैं। जब कांग्रेस की सरकार थी और बावा हैनरी विधायक थे, तब इन समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया। अब आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से विकास कार्य शुरू करवाए जा रहे हैं तो कांग्रेस इन मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रही है।

हैनरी पिता-पुत्र को देना चाहिए इसका जवाब

***विनीत** धीर ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पहले अपने ही नेताओं से यह पूछना चाहिए कि जालंधर नॉर्थ में लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान पहले क्यों नहीं हुआ। आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में नॉर्थ हलके में समस्याओं का समाधान कर विकास कार्यों को तेजी के साथ किया जा रहा है। असल में नार्थ हलके के पिछड़ेपन के लिए हैनरी पिता-पुत्र जिम्मेदार हैं।*

6 हजार करोड़ के ड्रग्स केस में एसआईटी का समन

मजीठिया और जगदीश भोला से आमने-सामने हो सकती है पूछताछ!

डेली आवाज भारती



शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम मजीठिया को 6 हजार करोड़ रुपए के ड्रग को लेकर SIT ने समन जारी किया है। SIT ने मजीठिया को पूछताछ के लिए 5 अक्टूबर को बुलाया है। इसके साथ ही इस मामले में जुड़े जगदीश भोला को भी बुलाया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सकती है। 2021 में मजीठिया पर स्ढ्ढक्र दर्ज की गई थी। मामले में जगदीश भोला और अन्य लोगों के बयान दर्ज किए गए। मजीठिया का कहना है कि यह NDPS का मामला है, जिसमें पुलिस ने कोई रिकवरी नहीं की है। 20 दिसंबर 2021 को क्राइम ब्रांच ने बिक्रम मजीठिया के खिलाफ NDPS एक्ट के तहत FIR दर्ज की थी। पुलिस का आरोप था कि मजीठिया के कुछ ऐसे लोगों से संबंध थे, जिन पर ड्रग तस्करी से जुड़े होने के आरोप थे। FIR में कथित गतिविधियों की अवधि 2004 से 2014 बताई गई थी। मामले में जगदीश सिंह भोला, जगजीत सिंह चहल, मनिंदर सिंह औलख उर्फ बिट्टू औलख और अन्य लोगों के बयानों का भी उल्लेख हुआ। पंजाब सरकार की तरफ से कोर्ट में कहा गया था कि इन बयानों और अन्य सामग्री के आधार पर मजीठिया की भूमिका की जांच की जा रही है।

केस को लेकर मजीठिया सवाल उठाते आ रहे हैं

***हालांकि** मजीठिया ने इस केस में कानूनी लड़ाई लड़ी और 2022 के विधानसभा चुनाव में अमृतसर से चुनावी मैदान में उतरे थे। इसके बाद वह जेल गए। अगस्त 2022 में उन्हें जमानत मिल गई थी। मजीठिया इस केस पर पहले से ही सवाल उठाते आए हैं।*

त्योहारों के चलते खाद्य सुरक्षा विभाग सक्रिय

- **FSSAI मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लुधियाना की खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा विशेष निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान**

डेली आवाज भारती



लुधियाना, (सुकून महाजन) : पंजाब के खाद्य एवं औषधि प्रशासन आयुक्त (IAS अधिकारी श्रीमती कमलप्रीत कौर बराड़) के दिशा-निर्देशों और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप सिंह के नेतृत्व में, लुधियाना की खाद्य सुरक्षा टीम ने जिले के विभिन्न इलाकों में एक विशेष निरीक्षण और सैंपलिंग अभियान चलाया। इस पहल का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 और FSSAI द्वारा निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान, खन्ना, समराला, जंडियाला, गतानी, चंडीगढ़ रोड और कोहारा जैसे इलाकों में विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। मसालों, साबुत काली मिर्च और जीरे जैसी चीजों की गुणवत्ता की जांच के लिए उनके नमूने (सैंपल) लिए गए। खाद्य सुरक्षा टीम ने मसालों के कुल 18 नमूने, केक के 2 नमूने और बेसन बर्फी का 1 नमूना इकट्ठा किया। निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए ये 21 खाद्य नमूने लिए गए और वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए एक अधिकृत खाद्य प्रयोगशाला में भेजे गए। इसके अलावा, सलोती गांव से मिली शिकायत के आधार पर केक का एक नमूना लिया गया, और दांडी स्वामी रोड से बेसन बर्फी का एक नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया कि जब सभी नमूनों की जांच रिपोर्ट मिल जाएगी, तो यदि कोई खाद्य पदार्थ खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 और उसके तहत बने नियमों और विनियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालक के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप सिंह ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को निर्देश दिया कि वे स्वस्थ्ढ द्वारा निर्धारित स्वच्छता और साफ-सफाई के नियमों का सख्ती से पालन करें। उन्हें निर्देश दिया गया कि वे खाद्य पदार्थों को साफ और ढके हुए बर्तनों में रखें, भोजन तैयार करने और भंडारण के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें, और उपभोक्ताओं को सुरक्षित व गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराएं।

CMYK

page 2_Layout 1 30-09-2026 17:22 Page 1

समाज सेवी राम कुमार सोबती/ राजेश भुटानी ने रेलवे स्टेशन बरनाला पर चलाया सफाई अभियान

नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज द्वारा अपनी टीम सहित इस मुहिम के बने साक्षी, ग्रीन पंजाब- कलीन पंजाब हेतू सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस बरनाला के विद्यार्थियों ने की शिरकत





रेलवे स्टेशन बरनाला पर चलाए सफाई अभियान दौरान संबोधन करते हुए समाज सेवी राम कुमार सोबती, साथ में अन्य गणमान्य और विद्यार्थी तथा (दाएं) सफाई अभियान दौरान संबोधन करते हुए नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज, साथ में अन्य।





सफाई अभियान दौरान भाग लेते हुए सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस बरनाला के विद्यार्थी तथा (दाएं) रेलवे स्टेशन बरनाला पर सफाई अभियान में जुटे हुए सफाई सेवक।

■ रेलवे स्टेशन बरनाला अधीक्षक प्रदीप कुमार ने रेलवे कर्मचारियों सहित योगदान डाला

डेली आवाज भारती

बरनाला, (विजय भंडारी): आज रेलवे स्टेशन बरनाला के प्लेटफार्म नं. 2 पर समाज सेवी राम कुमार सोबती और प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश भुटानी के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चला कर लोगों को ग्रीन पंजाब- कलीन पंजाब का संदेश दिया गया। जिसमें नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज द्वारा अपनी टीम सहित और सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस बरनाला के प्रिंसिपल हरीश बांसल और विद्यार्थियों द्वारा इस मुहिम में अपना योगदान डाला। अपने संबोधन में नगर निगम बरनाला के मेयर हसनप्रीत भारद्वाज, प्रिंसिपल हरीश बांसल, समाज सेवी राम कुमार सोबती और प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश भुटानी ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर हमें सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पंजाब सरकार के यत्नों द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर हर रोज इस तरह की मुहिम चला कर सफाई की जाती है तथा वातावरण को शुद्ध करने के लिए पौधारोपण भी किया जाता है। इस मौके पर अभियान से जुड़े लोगों ने यात्रियों को समझाया कि रेलवे स्टेशन सिर्फ यात्रा का स्थान नहीं, बल्कि हमारे शहर का सुंदर चेहरा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कूड़ा कूड़ेदान में ही डाले और प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करे। रेलवे स्टेशन बरनाला अधीक्षक प्रदीप कुमार ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस तरह के अभियान से लोगों में जिम्मेदारी की भावना आती है। उन्होंने भविष्य में भी शहरवासियों से इसी तरह सहयोग की अपील की। अंत में सभी ने रेलवे स्टेशन बरनाला को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। सरकारी सीनियर सैकेंडरी स्कूल ऑफ एमिनेंस बरनाला के विद्यार्थियों और सफाई सेवकों ने रेलवे स्टेशन बरनाला के प्लेटफार्म नं. 2 पर सफाई अभियान चला कर पौधारोपण की शुरूआत की। इस अवसर पर प्रिं. राकेश कुमार, सुरेश कुमार, हरि ओम, हरजीत रुपाल, राकेश गर्ग, जसपाल शर्मा, हरिंदर सिंह गिल, कपिल दादू, राकेश महरा, बसंत राए गोयल, भगवान दास, ओम प्रकाश, राम कुमार, आदि उपस्थित थे।

मायावती पर हरियाणा के मंत्री का तंज: ईवीएम को दोष देना ऐसा जैसे बच्चा फेल होने के बाद मास्टर, स्कूल और बेंच को दोष दे

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने बसपा सुप्रीमों मायावती के ईवीएम को बंद करने वाले बयान पर तंज कसा और कहा कि ईवीएम को दोष देना ऐसा है जैसे फेल होने पर बच्चा मास्टर और स्कूल को दोष दे। वहीं, कपिल सिब्बल द्वारा सुप्रीम कोर्ट समेत संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाने को लेकर मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस देश की स्वायत्त संस्थाओं के खिलाफ अभियान चला रही है। विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बसपा सुप्रीमों मायावती के बयान कि देश में स्वतंत्र चुनाव कराने हैं तो ईवीएम को तुरंत बंद किया जाए, के सवाल के जवाब में मायावती के बयान पर पलटवार करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह तो वैसे ही हुआ जैसे कोई बच्चा स्कूल



में फेल होकर घर आकर रोता है कि मास्टर खराब था, स्कूल खराब था और बेंच भी खराब था। विज ने कहा कि जब ये (विपक्ष) जीतते हैं तब ये नहीं बोलते, जैसे ये हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और केरल में नहीं बोले। उन्होंने कहा कि यह जगह-जगह पर जुलूस निकाल रहे हैं कि मतदाता सूचियां गलत है, अगर मतदाता सूचियां गलत है तो तुम्हारे जीते हुए जितने सांसद, विधायक है उन्हें त्याग पत्र देना चाहिए क्योंकि ये मान रहे हैं कि मतदाता सूचियां गलत हैं, इसलिए इन्हें त्याग पत्र देकर फिर से कों पर आना चाहिए। कपिल सिब्बल देश की सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी कर रहे हैं कि अदालतें उनकी बात को नजर अंदाज कर रही हैं और निष्पक्ष फैसला नहीं ले रही, के सवाल के जवाब में ऊर्जा मंत्री ने टिप्पणी करते हुए कहा कि वह कई बार पहले भी कह चुके हैं कि कांग्रेस पार्टी सभी स्वायत्त संस्थाओं के खिलाफ देश में अभियान चला रही है। विपक्ष कोर्ट, ईडी, सीबीआई और चुनाव आयोग पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हैं और उसका मुख्य कारण यह है कि कांग्रेस की रहनुमाई आज राहुल गांधी कर रहे हैं और राहुल गांधी की नसों में उनकी दादी इंदिरा गांधी का तानाशाही वाला खून दौड़ रहा है तथा प्रजातंत्र को खत्म करके देश में तानाशाही लाना चाहते हैं, इसीलिए लगातार स्वायत्त संस्थाओं का विरोध कर रहे हैं।

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में वाटिका ग्रुप के सीएमडी अनिल भल्ला और प्रमोटर गौतम भल्ला गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

गुरुग्राम। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुरुग्राम जोनल ऑफिस ने वाटिका लिमिटेड (वाटिका ग्रुप) के चेयरमैन-सह-मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल भल्ला और प्रमोटर गौतम भल्ला को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) 2002 की धारा 19 के तहत की गई। ईडी ने मेसर्स वाटिका लिमिटेड, उसके प्रमोटर-डायरेक्टर अनिल भल्ला, गौतम भल्ला, गौरव भल्ला और अन्य के खिलाफ पीएमएलए के तहत ईसीआईआर दर्ज की थी। यह ईसीआईआर दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा विभिन्न धराओं के तहत दर्ज कई एफआईआर के आधार पर है, जिसमें धोखाधड़ी, रिहायशी प्लॉट न देने और अन्य संबंधित अपराधों का आरोप है। ईडी की जांच में खुलासा हुआ कि 2010 से 2012 के बीच सात खरीदार कंपनियों ने गुरुग्राम के वाटिका इंडिया नेक्स्ट (सेक्टर 84/85) और वाटिका



इंडिया नेक्स्ट-2 (सेक्टर 88ए) प्रोजेक्ट में रिहायशी प्लॉट के लिए पूरी बिक्री राशि के तौर पर करीब 260 करोड़ रुपये एडवांस में मेसर्स वाटिका लिमिटेड को दिए थे। इसके बाद 2014 और 2015 में प्लॉट-वाइज एग्रीमेंट भी किए गए। हालांकि बाद में प्रोजेक्ट के लेआउट में बदलाव कर दिया गया। पहले से अलॉट किए गए प्लॉटों के नंबर बदल दिए गए और उन्हें दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया। वहीं, प्रोजेक्ट की जमीन को लगातार दूसरे खरीदारों को अलॉट और बेचा जाता रहा। वाटिका इंडिया नेक्स्ट-2 में लगभग 90 करोड़ रुपये में खरीदे गए करीब 1.10 लाख वर्ग गज में से एक भी प्लॉट 14 साल बाद भी डिलीवर नहीं किया गया है जबकि वाटिका इंडिया नेक्स्ट में भी सिर्फ आंशिक डिलीवरी ही हुई है। इस तरह आज भी लगभग 140.73 करोड़ रुपये मूल्य के प्लॉट अधूरे पड़े हैं। जांच में सामने आया है कि अनिल भल्ला ने जांच के दायरे में आए लेन-देन के सभी अहम फैसलों की खुद निगरानी की है जबकि गौतम भल्ला ग्रुप के प्रमुख प्रमोटर हैं जिन्होंने अहम एग्रीमेंट साइन किए, जमीन वाली कंपनियों में डायरेक्टरशिप संभाली और उन पर नियंत्रण रखा। जांच में मिले सबूत बताते हैं कि बड़े फैसले इन दोनों ने मिलकर लिए थे। यह भी पता चला कि प्रोजेक्ट की जमीन करीब 22 ग्रुप कंपनियों के जरिए रखी गई थी। इन कंपनियों में कोई कर्मचारी नहीं था और न ही उनका कोई अलग बिजनेस था। इनका इस्तेमाल मुख्य रूप से कॉर्पोरेट गारंटी देने और लैंड बैंक को मैनेज करने के लिए किया जाता था जिसमें जमीन को वित्तीय संस्थानों के पास गिरवी रखना भी शामिल है।

अमृतसर में नशा और हथियार तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

अमृतसर। पंजाब को नशा-मुक्त और सुरक्षित बनाने की मुहिम में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने ड्रग तस्करी और अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले तीन बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस महानिदेशक के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर बताया गया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 पिस्तौल, 3.267 किलोग्राम हेरोइन और 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।
अधिकारियों के मुताबिक, यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई, जिसके बाद अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर इन आरोपियों को पकड़ा गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार



आरोपी लंबे समय से अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की सप्लाई में सक्रिय थे। ये नेटवर्क न सिर्फ पंजाब में बल्कि सीमा पार से भी जुड़े हुए थे। पुलिस को शक है कि इस पूरे रैकेट के तार विदेश में बैठे हैंडलर्स से जुड़े हैं, जो ड्रोन और अन्य माध्यमों से हेरोइन और हथियारों की खेप पंजाब में भेजते थे। इस मामले में अमृतसर के थाना डी-डिवीजन और थाना छेहरटा में अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस अब बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है ताकि इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा सके। आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके मोबाइल फोन व अन्य दस्तावेजों की जांच भी की जा रही है। इससे पहले भी अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने एक इसी तरह के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया था। उस कार्रवाई में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 किलो हेरोइन, 2 एके-47 राइफल, 4 मैगजीन और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए थे। जांच में पता चला था कि वे आरोपी भी विदेश में बैठे तस्करों के संपर्क में थे और राज्य में हथियार व ड्रग्स की सप्लाई कर रहे थे।

बिजली वितरण में निजी भागीदारी से पहले किसानों और उपभोक्ताओं के हितों का ध्यान रखे सरकार : कुमारी सैलजा

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने हरियाणा की बिजली वितरण व्यवस्था में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी को लेकर चिंता व्यक्त की। सांसद ने कहा कि बिजली जैसी आवश्यक सार्वजनिक सेवा में किसी भी बदलाव से पहले किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को सरकारी बिजली निगमों को मजबूत करने, बिजली व्यवस्था की कमियों को दूर करने और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। गुरुग्राम और नूंह में समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस तथा अलग कृषि डिस्कॉम जैसे प्रस्तावों के संभावित प्रभावों



पर भी व्यापक विचार जरूरी है। सांसद ने कहा कि बिजली कर्मचारियों और संगठनों ने अपनी आशंकाएं सरकार के समक्ष रखी हैं, जिन पर सरकार को सभी संबंधित पक्षों से संवाद करना चाहिए। सांसद कुमारी सैलजा ने स्मार्ट मीटरिंग सहित बिजली क्षेत्र में किए जा रहे बदलावों की आर्थिक व्यवहार्यता और उपभोक्ता हितों के दृष्टिकोण से समीक्षा की मांग की। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस सार्वजनिक बिजली व्यवस्था को मजबूत करने तथा किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के पक्ष में है।

अमित शाह के पंजाब दौरे से पहले कांग्रेस सांसद रंधावा ने पूछे तीखे सवाल, ड्रोन से तस्करी पर केंद्र को घेरा

डेली आवाज भारती

जालंधर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब दौरे को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बुधवार को अमित शाह से पंजाब से जुड़े 7 अहम सवालों के जवाब मांगे हैं। रंधावा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, अमित शाह, दिल्ली में बैठकर आप मेरे द्वारा पंजाब के मुद्दों पर लिखे गए पत्रों का जवाब नहीं देते। आप खुद पंजाब आ रहे हैं, उम्मीद है कि पंजाब के हित में पूछे गए इन सवालों का जवाब जरूर देंगे। रंधावा ने सवाल उठाया कि सीमा पार से ड्रोन के जरिए नशा और हथियार पंजाब पहुंचने की घटनाएं अब भी सामने आ रही हैं। जब अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा बीएसएफ के हाथ में है, तो यह सप्लाई चेन पूरी तरह क्यों नहीं



टूट रही? उन्होंने पूछा कि एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी पर किए जा रहे काम के ग्राउंड-लेवल नतीजे क्या हैं और पूरी बॉर्डर बेल्ट को प्रभावी कवरेज कब तक मिलेगी। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि जेलों के अंदर से और विदेशों में बैठकर पंजाब में फिरौती, हत्याएं और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम चलाने वाले गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ केंद्र की स्ट्रेटेजी क्या है? रंधावा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि अकेले सितंबर महीने में ही पंजाब के सीमावर्ती जिलों से 100 किलो से अधिक हेरोइन बरामद हुई है। अगर सीमाओं पर केंद्र सरकार की निगरानी है, तो यह जहर अंदर कैसे पहुंच रहा है? पुलिस थानों और चौकियों पर हुए ग्रेनेड अटैक जैसे मामलों के पीछे मौजूद नेटवर्क और हैंडलर्स तक पहुंचने के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं? उन्होंने पूछा कि विदेशों में बैठे गैंगस्टर्स और हैंडलर्स को भारत वापस लाने की कार्रवाई कहां तक पहुंची है। आखिरी सवाल में रंधावा ने पूछा कि ड्रग्स, हथियार और ऑर्गेनाइज्ड क्राइम के खिलाफ बीएसएफ, एनआईए, केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और पंजाब पुलिस के बीच कोऑर्डिनेशन को और मजबूत करने का रोडमैप क्या है? अपने पोस्ट के अंत में रंधावा ने तंज कसते हुए लिखा, अगर आप सच में पंजाब के हितैषी हैं, तो सख्त कदम उठाइए और नतीजे दीजिए।

वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और गरिमा: विकसित भारत की आधारशिला

बी. एल. वर्मा

हर वर्ष 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हमें वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, अधिकारों, सुरक्षा और गरिमापूर्ण जीवन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः स्मरण करने का अवसर प्रदान करता है। बढ़ती जीवन-प्रत्याशा आधुनिक समाज की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, किंतु दीर्घ जीवन तभी सार्थक है, जब प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सुरक्षा, सम्मान, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता के साथ जीवन जीने का अवसर मिले। भारत में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को सरकार की व्यापक सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के लिए आश्रय, स्वास्थ्य-संबंधी सहायता, सामाजिक सुरक्षा, सुगम जीवन तथा गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। सरकार का दृष्टिकोण केवल कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा समावेशी वातावरण तैयार करना है, जिसमें वरिष्ठ नागरिक समाज की मुख्यधारा में सक्रिय भागीदार बने रहें और उनके अनुभव, ज्ञान तथा जीवन-मूल्यों का लाभ आने वाली पीढ़ियों को प्राप्त हो।

वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुदृढ़ संस्थागत व्यवस्था जिन वरिष्ठ नागरिकों के पास परिवार अथवा अन्य प्रकार का पर्याप्त सहारा उपलब्ध नहीं है, उनके लिए आश्रय और देखभाल सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। एकीकृत वरिष्ठ नागरिक कार्यक्रम (Integrated Programme for Senior Citizens – IPSrC) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 से वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम और निरंतर देखभाल गृह संचालित किए जा रहे हैं। गैर-सरकारी संगठनों, पंचायतों और स्थानीय निकायों के माध्यम से संचालित इन संस्थानों के माध्यम से 10.76 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को सहायता प्रदान की गई है। इस दिशा में सरकारी वित्तीय सहायता में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह सहायता लगभग 15 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष से बढ़कर 124 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। यह वृद्धि वरिष्ठ नागरिकों के लिए संस्थागत देखभाल और सामाजिक सुरक्षा के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

सहायक उपकरणों के माध्यम से आत्मनिर्भरता

वरिष्ठ नागरिकों के लिए आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में सहायक उपकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पढ़ने, सुनने, चलने-फिरने और दैनिक गतिविधियों को सहज बनाने वाले उपकरण उनके जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार ला सकते हैं। इसी उद्देश्य से राष्ट्रीय वयोश्री योजना (Rashtriya Vayoshri Yojana) के अंतर्गत देशभर में विभिन्न शिविरों का आयोजन किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से 9 लाख से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को 53 लाख से अधिक निःशुल्क सहायक उपकरण वितरित किए गए हैं। इन उपकरणों में व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, चलने की छड़ियाँ और चश्मे आदि शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को दैनिक जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बनाना और उनकी गतिशीलता तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

एल्डरलाइनः सहायता और मार्गदर्शन का सशक्त माध्यम

वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता के समय सहायता, परामर्श और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एल्डरलाइन हेल्पलाइन 14567 संचालित की जा रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित यह हेल्पलाइन वर्ष 2021 में प्रारंभ की गई थी।

हेल्पलाइनपर 29 लाखसेज़्यादाकॉलआएहैं। नेशनलइंस्टीट्यूटऑफ़सोशलडिफ़ेंस (NISD), जोइस के लागू होने की निगरानी करता है, नेवित्तवर्ष 2021 से 21 सितंबर, 2026 तकजानकारी, मार्गदर्शन, भावनात्मक सहयोग औरफ़ील्डइंटरवेंशनसेजुड़े 8.67 लाखसेज़्यादाऐसेकॉलपरकार्रवाईकीहै, जिनपरकामकियाजासकताथा; यहएकलगातारचलनेवालीप्रक्रियाहै। इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करने पर भी ध्यान दिया गया है। वर्ष 2023 से अब तक 30,000 से अधिक जेरियाट्रिक केयरगिवर्स को प्रशिक्षित किया गया है। ये प्रशिक्षित देखभालकर्ता देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों की सहायता कर रहे हैं।

केवल सरकारी योजनाएँ नहीं,



सामाजिक सहभागिता भी आवश्यक वरिष्ठ नागरिकों के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ समाज में संवेदनशीलता और सहभागिता की भावना विकसित करना भी आवश्यक है। शहरीकरण, रोजगार के अवसरों, शिक्षा और बढ़ती गतिशीलता के कारण परिवारों की संरचना में परिवर्तन आया है। इसके परिणामस्वरूप अनेक वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों और पोते-पोतियों से अलग रह रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में अंतरपीढ़ीगत संवाद और सहभागिता का महत्व और बढ़ जाता है। वरिष्ठ नागरिक केवल सहायता प्राप्त करने वाले व्यक्ति नहीं हैं। उनके पास जीवन का व्यापक अनुभव, ज्ञान, कौशल और सामाजिक स्मृतियाँ हैं। वे परिवार, समुदाय और समाज के लिए मार्गदर्शक, स्वयंसेवक तथा प्रेरणास्रोत की भूमिका निभा सकते हैं। इसी प्रकार युवा पीढ़ी अपनी ऊर्जा, तकनीकी ज्ञान और बदलते समय की समझ के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को अधिक सहज बना सकती है। दोनों पीढ़ियों के बीच यह संवाद एक संवेदनशील और समावेशी समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अंतरपीढ़ीगत संबंधों को बढ़ावा देने की पहल

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी के बीच संवाद एवं संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। विद्यालयों के माध्यम से 'दादा-दादी मिलन समारोह' जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों को वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवाद करने, उनकी जीवन-कथाएँ सुनने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिला।

इसी प्रकार वॉकाथॉन जैसे कार्यक्रमों ने भी वरिष्ठ नागरिकों और युवा पीढ़ी को साथ लाने तथा सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के क्षेत्र में कार्यरत सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठनों, जैसे ब्रह्माकुमारीज़, रामकृष्ण मिशन एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार आदि, के साथ मंत्रालय द्वारा 7 समझौता ज्ञापनों (स्मृह्य) पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं। वर्ष 2024 से 2026 के बीच देशभर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुभवों, प्रयासों और प्रेरक प्रसंगों को मंत्रालय द्वारा 'स्नेह ई-बुक' में संकलित किया गया है।

भारतीय परंपरा में वरिष्ठजनों का सम्मान भारतीय संस्कृति में वरिष्ठजनों के सम्मान और उनके अनुभवों से सीखने की परंपरा सदियों पुरानी है। तैत्तिरीय उपनिषद में शिक्षा पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को दिए गए उपदेश में फ्रमातृदेवो भव, पितृदेवो भवफ्र का संदेश दिया गया है। यह केवल माता-पिता के प्रति सम्मान का संदेश नहीं है, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि में परिवार, अनुभव और ज्ञान के प्रति सम्मान की व्यापक भावना को भी अभिव्यक्त करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इन मूल्यों को आधुनिक सामाजिक व्यवस्था के साथ जोड़ते हुए अंतरपीढ़ीगत संवाद को और मजबूत किया जाए।

सेवा से सामाजिक संवेदनशीलता तक वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार द्वारा योजनाएँ और संस्थागत व्यवस्थाएँ विकसित की जा रही हैं, लेकिन सामाजिक संवेदनशीलता और व्यक्तिगत सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 'सेवा संकल्प अभियान' की अवधि में पड़ रहा है। 17 सितंबर से देशभर में संचालित इस सेवा अभियान के माध्यम से सेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों की सेवा केवल बड़े कार्यों तक सीमित नहीं है। किसी बुजुर्ग पड़ोसी को दैनिक कार्यों में सहयोग देना, उन्हें डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने में सहायता करना, किसी आवश्यक प्रपत्र को भरने में मदद करना, बैंक अथवा अस्पताल जाने में साथ देना या उनकी बात धैर्यपूर्वक सुनना भी सेवा का महत्वपूर्ण रूप है। ऐसी छोटी-छोटी पहल वरिष्ठ नागरिकों में आत्मविश्वास और सामाजिक जुड़ाव की भावना को मजबूत करती हैं। विकसित भारत में वरिष्ठ नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका 'सबका साथ, सबका विकास' के मार्गदर्शक दृष्टिकोण के अनुरूप वरिष्ठ नागरिकों का कल्याण समावेशी विकास का महत्वपूर्ण अंग है। सरकार नीतियाँ और संस्थागत ढाँचा उपलब्ध करा सकती है, लेकिन वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान, अपनत्व और संवेदनशीलता का वातावरण समाज की सामूहिक भागीदारी से ही निर्मित होता है। विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति और आधुनिक अवसंरचना का नाम नहीं है। यह ऐसा भारत है जहाँ प्रत्येक नागरिक, चाहे उसकी आयु कुछ भी हो, सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के साथ जीवन जी सके। वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की जीवंत स्मृति, अनुभव और ज्ञान के वाहक हैं। उनके अनुभवों को अगली पीढ़ी से जोड़ना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है और राष्ट्रीय आवश्यकता भी। आज हम वरिष्ठ नागरिकों के साथ जितना सम्मान, धैर्य और संवेदनशीलता का व्यवहार करेंगे, वही आने वाले भारत के सामाजिक स्वरूप को निर्धारित करेगा। एक संवाद, एक घंटा और एक आत्मीय संबंध—किसी वरिष्ठ नागरिक के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत के लिए इतना ही पर्याप्त हो सकता है। विकसित भारत का संकल्प तभी पूर्ण होगा, जब प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सम्मान, सुरक्षा और गरिमा के साथ जीने का अवसर मिले और प्रत्येक नई पीढ़ी अपने बुजुर्गों के अनुभवों और जीवन-मूल्यों से सीखने का अवसर प्राप्त करे।

(लेखक सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री हैं।)

CMYK

page 3_Layout 1 30-09-2026 17:11 Page 1

डेली आवाज पंजाब

बरनाला, मोहाली, जीरकपुर ⟫ वीरवार, 1 अक्तूबर 2026

बटाला में मसीह समुदाय की मांग हुई पूरी, मसीह चौक के निर्माण का काम शुरू

मसीह समुदाय ने विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी और चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव का किया धन्यवाद

डेली आवाज भारती







बटाला, (अमनदीप संधू): बटाला शहर में विधानसभा हलका बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी और पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव द्वारा मसीह समुदाय की मांग को पूरा करते हुए बटाला शहर में मसीह चौक के निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया है। इस अवसर पर ग्लोबल क्रिश्चियन एक्शन कमेटी के पदाधिकारियों और मसीह समुदाय के नेताओं ने शिरकत करते हुए इस पहल के लिए बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शेरी कलसी और पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बातचीत करते हुए ग्लोबल क्रिश्चियन एक्शन कमेटी के महासचिव रोहित मलिक और पंजाब महासचिव दीपक लोप्पा ने कहा कि उनकी संस्था के अध्यक्ष और पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव द्वारा मसीह समुदाय की भलाई के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय के लोगों की समस्याओं और मांगों को सरकार के ध्यान में लाकर उनके समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव द्वारा पंजाब के विभिन्न जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में मसीह समुदाय के नाम पर चौक बनाने की मांग उठाई गई थी। इसी कड़ी के तहत कुछ महीने पहले उन्होंने बटाला के विधायक शेरी कलसी से मुलाकात कर शहर में मसीह चौक बनाने की मांग रखी थी। उन्होंने कहा कि विधायक शेरी कलसी द्वारा इस मांग को मंजूरी देते हुए आज चौक के निर्माण का कार्य शुरू करवाया गया है, जिसके लिए वे विधायक शेरी कलसी का धन्यवाद करते हैं। जिला प्रधान रमन मट्टू ने कहा कि जतिंदर मसीह गौरव द्वारा मसीह समुदाय की समस्याओं और जायज मांगों को सरकार के समक्ष रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समुदाय की भलाई के लिए किए जा रहे ये प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में फतेहगढ़ चूड़ियां विधानसभा क्षेत्र में भी मसीह चौक के निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसमें चेयरमैन जतिंदर मसीह गौरव विशेष रूप से शामिल होंगे। इस अवसर पर युवा प्रधान एमपी धर्मकोट, बंटी कलार डेरा बाबा नानक, शाखा प्रधान मनीरा मसीह, टोनी सुनईया, मैनुअल कंग, महिला विंग प्रधान सिस्टर रीटा, कमली, सिस्टर रूपा, सरपंच लक्की धर्मकोट, गुरजीत तारागढ़, सन्नी खतिब, मलकीत बिशनीवाल आदि उपस्थित थे।

'मान के मुनाफे' मुहिम के तहत विधायक शैरी कलसी ने लोगों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

गांववासियों ने 'मान के मुनाफे' मुहिम की सराहना की

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक शैरी कलसी गांव मूलियांवाल पहुंचे और 'मान के मुनाफे' मुहिम के तहत गांववासियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे। गांववासियों से बातचीत करते हुए विधायक शैरी कलसी ने कहा कि मुख्यमंत्री पंजाब भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने लोगों से किए वादों से अधिक काम करके दिखाया है। उन्होंने गांववासियों से रूबरू होकर पंजाब सरकार की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्यों और जनहित से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। विधायक शैरी कलसी ने कहा कि लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ष लाखों रुपये के लाभ मिल रहे हैं। इनमें बिजली बिलों में राहत, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा, बुजुर्ग पेंशन, आम आदमी क्लीनिकों में मुफ्त जांच एवं दवाइयां, राशन, मुफ्त तीर्थ यात्रा, कृषि के लिए मुफ्त बिजली और आशीर्वाद योजना आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब कोई राजनीतिक पार्टी अपने कार्यों का रिपोर्ट कार्ड लेकर सीधे लोगों के घरों तक पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि इस मुहिम के तहत पार्टी के पदाधिकारी और स्वयंसेवक भी घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी देंगे। इस अवसर पर गांववासियों ने विधायक शैरी कलसी का स्वागत किया और सरकारी योजनाओं से उन्हें मिले लाभ भी साझा किए।

जनगणना फेज-2 संबंधी जिला गुरदासपुर के फील्ड ट्रेनरों की तीन दिवसीय ट्रेनिंग संपन्न



डेली आवाज भारती

गुरदासपुर, (अमनदीप संधू): जनगणना-2027 के फेज-2 के तहत जिला गुरदासपुर के फील्ड ट्रेनरों की तीन दिवसीय ट्रेनिंग सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। इस ट्रेनिंग के पहले बैच में 32 और दूसरे बैच में 30 फील्ड ट्रेनरों ने भाग लिया। फील्ड ट्रेनरों की यह ट्रेनिंग पंचायत भवन, गुरदासपुर में प्रधान जनगणना संचालन गुरदासपुर-कम-डिप्टी कमिश्नर, गुरदासपुर आदित्य उप्पल के नेतृत्व में आयोजित की गई। उप अर्थ एवं सांख्यिकी सलाहकार गुरदासपुर विनोद बेरी ने बताया कि ये सभी फील्ड ट्रेनर आगे जिला गुरदासपुर के सभी 13 जनगणना प्रभार अधिकारियों के अधीन कार्य कर रहे गणनाकारों और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इन प्रशिक्षणों की प्रक्रिया 5 अक्टूबर 2026 से शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनरों को जनसंख्या गणना के कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं, प्रक्रियाओं, पी.ई. एप्लीकेशन के उपयोग तथा जनगणना विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं और उनके समाधान के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई।

गुरुहरसहाय में समारोह आयोजित कर भाजपा नेताओं ने सुना प्रधान मंत्री की मन की बात कार्यक्रम

लोगों एवं सभी भाजपा वर्करों को प्रधानमंत्री की विचारधारा से जोड़ने के लिए उठाया गया अहम कदम

डेली आवाज भारती



भाजपा पदाधिकारी एवं वर्कर प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम सुनकर जानकारी देते हुए।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश वासियों के साथ साझा किए जाने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर गुरुहरसहाय में भाजपा युवा मोर्चा पंजाब के कोषाध्यक्ष रमनदीप बजाज के निवास स्थान पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा एकत्रित होकर 'मन की बात' कार्यक्रम सुना गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य स.सतनाम सिंह संधू, भारत सरकार के सूरज भारद्वाज, पंजाब भाजपा के सचिव स.लखविंदर सिंह मोमी, किसान मोर्चा पंजाब के अध्यक्ष और फिरोजपुर युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजनबीर ढिल्लों सहित गुरुहरसहाय भाजपा की पूरी टीम ने भाग लिया। इस दौरान गुरुहरसहाय मंडल अध्यक्ष राज कुमार काका सहगल, भाजपा नेता दीपक शर्मा, राणा राय, डा.ओम प्रकाश, कुलदीप भट्टी, निशु कंबोज रुकणा बस्ती, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष साहिल नरूला, अमनदीप गिरधर और नरेश सिक्करी सहित अन्य पार्टी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य स.सतनाम सिंह संधू ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लोगों के साथ विभिन्न मुद्दों, उपलब्धियों और जन-भागीदारी से जुड़े विचार साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा इस कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुनना लोगों से जुड़ने और प्रधानमंत्री के संदेश को जनता तक पहुंचाने की दिशा में एक प्रयास है।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा पंजाब के कोषाध्यक्ष रमनदीप बजाज ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों को विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अच्छे कार्यों, उपलब्धियों और प्रेरणादायक पहलों के बारे में जानकारी मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ देश की प्रगति में जनता की भागीदारी को भी प्रोत्साहित करते हैं।

पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला ने दशहरा कमेटी को भेंट किया 40 हजार की सहायता राशि का चैक



पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला संस्था पदाधिकारियों को सहायता राशि का चैक भेंट करते हुए।

- **संस्था पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक आवला का जताया अभार**

डेली आवाज भारती

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): शहर में मनाए जाने वाले दशहरा पर्व के चलते जलालाबाद के पूर्व विधायक एवं मशहूर कारोबारी रमिन्द्र आवला ने रामा नाटक एडं ड्रामैटिक क्लब गुरुहरसहाय के सदस्यों को बीते दिन दशहरा पर्व धूमधाम से मनाने के लिए 40 हजार रुपए की सहायता राशि का चैंक भेंट किया। उक्त राशि का चैक पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला से संस्था चेयरमैन सुरिन्द्र कुमार वोहरा, सतपाल वोहरा, सुरिन्द्र मोंगा माडू, सोनू गक्खड़, राजिन्द्र कुमार पप्पा, जोनी आवला, बंटी भठेजा व अन्य सदस्यों की तरफ से प्राप्त किया गया। इस मौके पर संस्था पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक रमिन्द्र आवला का सहायका के लिए अभार व्यक्त किया और उन्हें दशहरा पर्व में शामिल होकर समारोह की रौनक बढ़ाने के लिए अग्रह किया गया।

विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के तीन विद्यार्थियों ने तलवारबाजी में जीता स्वर्ण पदक

डेली आवाज भारती



विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल के तीन छात्र स्वर्ण पदक जीतने की खुशी मनाते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल फिरोजपुर के तीन विद्यार्थियों ने तलवारबाजी में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल, जो शिक्षा और खेल दोनों को समान महत्व देता है, विद्यार्थियों को विभिन्न खेल विधाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए लगातार प्रोत्साहित करता है। जानकारी साझा करते हुए स्कूल के निर्देशक डा.एस.एन रुद्रा ने बताया कि पुषप नाथ, सिमरजीत सिंह और युवराज शर्मा ने खमाणों, फतेहगढ़ साहिब में आयोजित पंजाब स्टेट स्कूल गेम्स 2026-27 के अंडर-17 बॉयज़ टीम एपी तलवारबाजी मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता। डा.रुद्रा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने उनके कोच केन कांगबाम सिंह को भी बधाई दी, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करने में अहम भूमिका निभाई। विवेकानंद वर्ल्ड स्कूल ने तीनों विद्यार्थियों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी और भविष्य में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं। स्कूल ने आशा व्यक्त की कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने तथा अपना, अपने माता-पिता, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करेगी।

कल 1 अक्टूबर को बटाला में जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर लगेगा

डेली आवाज भारती

बटाला, (अमनदीप संधू): डॉ. शाहबाज सिंह चीमा, मुख्य कृषि अधिकारी गुरदासपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिला गुरदासपुर की ओर से रबी की फसलों के संबंध में जिला स्तरीय किसान प्रशिक्षण शिविर और कृषि प्रदर्शनियां आई.टी.आई. बटाला में आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेले में मुख्य अतिथि के रूप में पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष एवं बटाला के विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में डेरा बाबा नानक के विधायक गुरदीप सिंह रंधावा और श्री हरगोबिंदपुर साहिब के विधायक एडवोकेट अमरपाल सिंह पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि मेले का उद्घाटन डिप्टी कमिश्नर-कम-चेयरमैन आत्मा आदित्य उप्पल करेंगे, जबकि मेले की अध्यक्षता डॉ. गुरजीत सिंह बराड़, निदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंजाब करेंगे। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे से 11 बजे तक पंजीकरण होगा। मेले का उद्घाटन सुबह 11 बजे किया जाएगा। तकनीकी सत्र सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस दौरान सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक गुरु का लंगर भी लगाया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर कृषि विशेषज्ञों के विचार सुनें और खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें।

सैंट राउ दास गुरुकुल स्कूल में स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

डेली आवाज भारती



सैंट राउ दास गुरुकुल गुरुकुल स्कूल में आयोजित स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए बच्चे व अध्यापक।

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): सैंट राउ दास गुरुकुल स्कूल गोलूका में प्रधानाचार्य और प्रबंधन समिति की सदस्य प्रसन्नता रानी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सुबह की प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य ने बच्चों को सफाई के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा स्कूल और घर ही स्वस्थ जीवन की निशानी है। इसके बाद सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर गोलूका शहीद उधम सिंह पार्क में जाकर उसकी सफाई की। मालूम हो कि बच्चों ने हाथों में चार्ट पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था स्वच्छ भारत, सुंदर भारत और इससे लोगों को जागरुक किया गया। उसके बाद बच्चों ने स्वच्छ भारत अभियान के अधीन कुछ गतिविधियां कीं और अंत में सभी ने यह शपथ ली कि हम अपने आस-पास गंदगी नहीं फैलाएंगे और दूसरों को भी सफाई के लिए जागरूक करेंगे।

- **शिविर के दौरान जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए इक्टठा किया गया 72 यूनिट रक्त**

डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से सूखा धान मंडियों में लाने की अपील की

धान की कटाई सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक ही की जाए-डी.सी

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): किसानों की भलाई और सुचारु खरीद प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा धान की खरीद 1 अक्तूबर से शुरू की जा रही है। जिले के 127 खरीद केंद्रों में धान की खरीद संबंधी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा किसानों, मजदूरों, आढ़तियों और अन्य संबंधितों की सुविधा के लिए मंडियों में बिजली, छाया, पीने का पानी और सफाई सहित आवश्यक सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। यह जानकारी डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा ने देते हुए बताया कि मंडियों में आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सफाई और अन्य प्रबंधों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जिले के सभी किसानों से अपील की कि मंडी में धान लाने से पहले धान में नमी की मात्रा की जांच अवश्य कर लें।

उन्होंने कहा कि मंडी में लाए जाने वाले धान में नमी की मात्रा 17 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने किसानों से मंडी में केवल सूखा धान ही लाने की अपील करते हुए कहा कि इससे सफाई के बाद बोली की प्रक्रिया सुचारु रूप से और समय पर पूरी की जा सकेगी तथा



डिप्टी कमिश्नर दीपशिखा शर्मा जानकारी देती हुई।

मंडियों में अनावश्यक भीड़ या किसी अन्य समस्या से बचा जा सकेगा। डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से यह भी अपील की कि धान की कटाई सुबह 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक ही की जाए, ताकि कटी हुई धान में नमी की मात्रा निर्धारित सीमा से अधिक ना हो और किसानों को अपनी फसल मंडी में बेचते समय किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी मंडियों में अधिकारी तैनात किए गए हैं, जो खरीद प्रक्रिया की रोजाना निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया के दौरान सामने आने वाली किसी भी समस्या का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि सरकार द्वारा उनकी मेहनत का पूरा भुगतान समय पर सुनिश्चित किया जाएगा और उन्हें अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा डिप्टी कमिश्नर ने किसानों से पराली को आग ना लगाने की भी अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाने तथा धरती की उपजाऊ शक्ति को बनाए रखने के लिए पराली या अन्य अवशेषों को आग ना लगाएं।

उन्होंने कहा कि पराली के इन सीटू या एक्स सीटू प्रबंधन के लिए कृषि विभाग द्वारा उपलब्ध मशीनों का उपयोग कर इसका सुचारु प्रबंधन/निपटान किया जाए।

सीनेट चुनाव में जीत पर डा.एन.आर शर्मा को अभिषेक अरोड़ा ने दी बधाई

डेली आवाज भारती



अभिषेक अरोड़ा सीनेट चुनाव जीतने वाले डा.एन.आर शर्मा को बधाई देते हुए।

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): पंजाब विश्वविद्यालय सीनेट चुनाव-2026 में हेड्स ऑफ एफिलिएटेड आर्ट्स कॉलेज चुनाव क्षेत्र से जीत दर्ज करने पर पंजाब विश्वविद्यालय घटक महाविद्यालय मोहकम खां वाला फिरोजपुर के प्राचार्य डा.एन.आर शर्मा को अभिषेक अरोड़ा ने बधाई दी। उन्होंने डा.शर्मा से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर जीत की शुभकामनाएं दीं। लगभग 13 उम्मीदवारों के बीच हुए मुकाबले में डा.शर्मा ने सर्वाधिक मत प्राप्त किए। इससे पहले भी वे पंजाब विश्वविद्यालय सीनेट के सदस्य रह चुके हैं और लगातार दो कार्यकाल के लिए निर्वाचित हुए थे। अभिषेक अरोड़ा ने कहा कि डा.शर्मा का अनुभव और प्रशासनिक दक्षता विश्वविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालयों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। डा.शर्मा ने अपनी जीत के लिए प्राचार्यों एवं सहकर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि वह उच्च शिक्षा और संबद्ध महाविद्यालयों के हितों के लिए पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

page 4_Layout 1 30-09-2026 17:33 Page 1

नशा मुक्ति मोर्चे की टीमें गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को जागरूक करेंगी : डॉ. अर्शदीप सिंह





डेली आवाज भारती

श्री हरगोबिंदपुर साहिब/बटाला, 30 सितंबर (अमनदीप संधू): डॉ. अर्शदीप सिंह, जिला इंचार्ज नशा मुक्ति मोर्चा गुरदासपुर की अध्यक्षता में गांव माड़ी बुच्चियां में 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अभियान के 551 दिन पूरे होने संबंधी विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर सरपंच निशान सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य लाल सिंह, सरपंच जगप्रीत सिंह, सदस्य मोहन सिंह और दलजीत सिंह, हलका समन्वयक किसान विंग उपस्थित थे। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार नशों पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है और नशों का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है। जिला इंचार्ज डॉ. अर्शदीप सिंह ने बताया कि 'युद्ध नशों के विरुद्ध' अभियान के तहत 551 दिनों के दौरान 76 हजार से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने नशों की समस्या से निपटने के लिए अपना दृढ़ संकल्प दिखाया है।

- **डॉ. अर्शदीप सिंह की अध्यक्षता में गांव माड़ी बुच्चियां में 'युद्ध नशों के विरुद्ध' के संबंध में बैठक**

उन्होंने बताया कि अब 25 सितंबर से नशा मुक्ति मोर्चे की टीमें गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। इस दौरान लोगों के साथ विचार-विमर्श करके नशों की समस्या के खिलाफ लड़ाई में हुई प्रगति तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार लोगों के सहयोग से प्रदेश में नशों की समस्या को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

थाना जीरा सिटी की पुलिस ने नशा करने वाले सामान सहित 1 को गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना जीरा सिटी की पुलिस ने डीएसपी जसपाल सिंह ढिल्लों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत बीते दिन गश्त व चैकिंग के दौरान दो दाना मंडी के नजदीक से 1 व्यक्ति को नशा करते हुए उसे नशा करने वाले सामान सहित गिरफ्तार किया है। उक्त मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना सिटी जीरा के एस.आई सतवंत सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान दाना मंडी जीरा के नजदीक से मनप्रीत सिंह उर्फ मोनटी पुत्र रविन्द्र सिंह वासी अग्रवाल मुहल्ला जीरा को हेरोइन का नशा करते हुए गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 1 सिल्वर पन्नी हेरोइन लगी, 1 लाईटर और 10 रुपए का नोट बरामद किया है। मामले की जांच कर रहे सतवंत सिंह ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामले में मनप्रीत पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

पंजाब स्टेट पेंशनर फेडरेशन द्वारा प्रधानमंत्री के नाम डिप्टी कमिश्नर को सौंपा गया मांगपत्र

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर पंजाब स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन जिला फिरोजपुर द्वारा डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर के कार्यालय के सामने रैली करने के उपरांत प्रधानमंत्री के नाम मांगपत्र डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर को सौंपा गया। इस अवसर पर पेंशनर्स फेडरेशन के जिला प्रधान किशन चंद जागोवालिया, महासचिव प्रताप सिंह ढिल्लो, ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर वेलफेयर फेडरेशन फिरोजपुर के प्रधान आर.सी मेहता, मास्टर बूटा राम तलवंडी भाई, गुरनाम सिंह सुधारा, बख्शीश सिंह जीरा, विजय कुमार गक्खड़ मल्लांवाला, डा.प्रदीप राणा, तरसेम बेदी, ज्ञान सिंह, नरेश सैनी, क्रांतिकारी किसान यूनियन के नेता हरफूल सिंह कालियावाला आदि नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की पेंशनर विरोधी नीतियों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा पेंशनरों से पिछले लंबे समय से मिल रही सुविधाओं को छीना जा रहा है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकारों से मांग की कि सीनियर सिटीजन को रेलवे और हवाई टिकटों में मिलने वाली रियायतें बहाल की जाएं, एन.पी.एस व यू.पी.एस को रद्द करके पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, कैशलेस हेल्थ स्कीम चालू की जाए, पेंशन में 5 साल बाद 10 फीसदी का इजाफा किया जाए, कम्यूटेशन की कटौती 10 साल 8 महीने की जाए, केंद्र के आठवें वेतन आयोग के अनुसार अंतरिम राहत दी जाए, केंद्र सरकार द्वारा कोरोना काल का 18 महीने का रोका हुआ महंगाई भत्ता रिलीज किया जाए, सीनियर सिटीजन की शिकायतों व समस्याओं को हल करने के लिए नेशनल कमीशन फॉर सीनियर सिटीजन का गठन किया जाए। इस अवसर पर कर्म सिंह हराज, शिवदेव सिंह बराड़, जसवंत सिंह,चन्न सिंह मल्लांवाला, बलकार सिंह, मुख्तैयार सिंह, विजय कुमार राणा, जसविंदर सिंह, सुरजीत सिंह कोहाला, ओम प्रकाश, राज कुमार, देश राज, रविंदर नाथ, प्रमोद गोगा, त्रिलोक सिंह, दीवान चंद सखीजा, रवि कुमार चोपड़ा, गुरमीत सिंह, औलख बलवीर सिंह गोखवाल, दलजीत सिंह यारेशाह वाला, चंद्र मोहन, बिक्कर सिंह, जोगिंदर सिंह, खजान सिंह, चन्नण सिंह, त्रिलोक सिंह, रमेश कुमार भट्टी, राजकुमार, महेंद्र सिंह, सूजा राम, राम प्रसाद, हरी कृष्ण, गुरजिंदर सिंह, रणवीर सिंह कुकू, पवित्र सिंह, सुखविंदर सिंह किंगरा, लाजवंती, स्विंदरपाल कौर, हरीकृष्ण आदि उपस्थित थे।



पंजाब स्टेट पेंशनर फेडरेशन के पदाधिकारी रैली के बाद डिप्टी कमिश्नर को मांगपत्र सौंपते हुए।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने गलियों में सीवरेज व्यवस्था डलवाने के विकास कार्यों के किए उद्घाटन

- **सीवरेज डालने के बाद गलियों को कंक्रीट से पक्का बनाया जाएगा: विधायक डॉ अजय गुप्ता**

डेली आवाज भारती

अमृतसर, :(सलोनी नेहा गिल) केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज वार्ड नंबर 59 के क्षेत्र गली बदरायो और बिक्रम गली में नई सीवरेज व्यवस्था डालने के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि वॉल्ड सिटी की गलियों में खराब सीवरेज व्यवस्था को लेकर शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब 3 विधायक फंड के तहत वॉल्ड सिटी की गलियों में नई सीवरेज व्यवस्था डालने विकास कार्य को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था डालने के विकास कार्य तेजी से शुरू करवाए जा रहे हैं। आने वाले 2 महीनो के भीतर यह सभी कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था डलवाई जाएगी, उन क्षेत्रों में कंक्रीट से गलियों को पक्का भी करवा दिया जाएगा। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि रंगला पंजाब 3 विधायक फंड की हल्के में 5 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इनसे हल्के की सभी 14 वार्ड और तीन पंचायत में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए इंप्रूवमेंट ट्रस्ट अमृतसर से भी लगभग 4 करोड़ रुपयो के विकास कार्यों को मंजूरी ली गई है। ट्रस्ट द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्य प्रगति अधीन है। उन्होंने कहा कि हलके में कोई भी विकास कार्य अधूरा नहीं छोड़ा जाएगा। इस अवसर पर वार्ड इंचार्ज दीपक बग्गा, हैप्पी कुमार, मोना महाजन, रितु महाजन, मैडम राशि, सोनू महाजन, रोहित पहलवान, मोनिका भट्टी, विपिन कुमार, दीपक चड्ढा, प्रदीप कुमार, सुमित कुमार और क्षेत्र के लोग मौजूद थे।



भगवान श्री सत्य साईं बाबा के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर निकली प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का नया नंगल टाउनशिप में भव्य स्वागत

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): भगवान श्री सत्य साई बाबा के 100वें जन्मदिवस के अवसर पर देशभर में प्रेम, सेवा, सत्य, शांति और मानवता का संदेश लेकर निकाली जा रही प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा का हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में आयोजित देव मिलन सम्मेलन के बाद नया नंगल टाउनशिप पहुंचने पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मनिंदर सिंह जालंधर, जिला अध्यक्ष राजीव सिंगला तथा नंगल अध्यक्ष प्रदीप वधावन के नेतृत्व में स्थानीय श्रद्धालुओं और शहरवासियों ने रथ यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा फूलों के हार पहनाकर तथा कलश यात्रा का आयोजन कर भगवान श्री सत्य साई बाबा के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा एवं आस्था व्यक्त की गई। इस अवसर पर श्री निमिष पंड्या, अध्यक्ष एसएसएसएसओ ऑल इंडिया, श्री कोटेश्वर राव, राष्ट्रीय सेवा दल कोऑर्डिनेटर एसएसएसएसओ ऑल इंडिया, विजय बंसल बठिंडा राज्य सेवा दल अध्यक्ष, साई सिमरन जिला अध्यक्ष बठिंडा, के.सी. दत्ता जिला अध्यक्ष पटियाला तथा नितीश मेहता राज्य आईटी सेल प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला और पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता एवं भक्ति का माहौल बना रहा। इस अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान श्री निमिष पंड्या, श्री कोटेश्वर राव, एस. मनिंदर सिंह जालंधर तथा नंगल अध्यक्ष प्रदीप वधावन ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के जीवन एवं उनकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री सत्य साई बाबा का जन्म 23 नवंबर 1926 को आंध्र प्रदेश के पुट्टापर्थी में हुआ था। वर्ष 1940 में मात्र 14 वर्ष की आयु में उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपने आध्यात्मिक मिशन की घोषणा की। इसके बाद पुट्टापर्थी स्थित प्रशांति निलयम लाखों श्रद्धालुओं के लिए एक प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र बन गया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री सत्य साई बाबा ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा तथा प्रेम, सत्य, सदाचार, शांति और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित किया। उनकी शिक्षाओं में सभी धर्मों के प्रति सम्मान तथा मानव जीवन में सत्य, धर्म, शांति, प्रेम और अहिंसा जैसे सार्वभौमिक मूल्यों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। उनका संदेश किसी एक धर्म, वर्ग या समुदाय तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समस्त मानवता को सेवा, सद्भावना और भाईचारे का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री सत्य साई बाबा लोगों को अपने धर्म और परंपराओं का सम्मान करते हुए जरूरतमंदों की सेवा करने, सत्य एवं सदाचार के मार्ग पर चलने तथा समाज में आपसी प्रेम और भाईचारा कायम रखने के लिए प्रेरित करते रहे। उनके अनुयायियों के अनुसार उनका जीवन मानव सेवा और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश देता है। यात्रा के उद्देश्य संबंधी जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि भगवान श्री सत्य साई बाबा की 100वीं जयंती के अवसर पर निकाली जा रही प्रेम प्रवाहिनी रथ यात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजर रही है।



जेई दुपिंदर सिंह को कथित तौर पर जबरन रिलीव करने के विरोध में टेक्निकल सर्विसेज यूनियन ने की रोष रैली

डेली आवाज भारती

कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): सब-डिवीजन कुराली में टेक्निकल सर्विसेज यूनियन-49 द्वारा सब-डिवीजन अधिकारी कुराली के विरोध में रोष रैली की गई। यह रैली यूनियन के सब-डिवीजन कुराली अध्यक्ष सुखवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। यूनियन नेताओं ने जेई-2 दुपिंदर सिंह को कथित तौर पर जबरन रिलीव किए जाने की कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग की। रोष रैली को संबोधित करते हुए यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि जेई दुपिंदर सिंह द्वारा सब-डिवीजन कुराली में लाखों रुपये का सामान निकलवाया गया है, लेकिन इस सामान की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई भी तैयार नहीं है। नेताओं ने सवाल उठाया कि जब उक्त सामान की जिम्मेदारी अभी तक तय नहीं हुई है तो जेई दुपिंदर सिंह को कथित तौर पर जबरन रिलीव करने की कार्रवाई क्यों की जा रही है।

यूनियन नेताओं ने कहा कि यदि इसके बावजूद दुपिंदर सिंह जेई को जबरन रिलीव किया गया तो संगठन इस कार्रवाई के विरोध में लगातार रोष रैलियां करने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति पैदा होने पर इसकी जिम्मेदारी उपमंडल अधिकारी कुराली तथा अतिरिक्त निगरान इंजीनियर, संचालन मंडल कुराली की होगी। रैली के दौरान नेताओं ने विभागीय अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा कर्मचारी को रिलीव करने संबंधी फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संगठन अपने सदस्यों के अधिकारों और विभागीय मामलों में पारदर्शिता के लिए अपनी आवाज उठाता रहेगा। इस रोष रैली को जोन सचिव मोहाली टी.एस.यू. निर्मल सिंह, बलविंदर सिंह कुराली पेंशनर एसोसिएशन, रणजोध सिंह सर्किल उपाध्यक्ष रोपड़, डिवीजन अध्यक्ष सुरिंदर कुमार, उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह कुराली, अवतार सिंह, कुलविंदर सिंह, जसवंत सिंह, प्रेम सिंह सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इस मामले का जल्द समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में संघर्ष को और तेज किया जाएगा। उन्होंने विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप करते हुए कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की।



4 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया

गुरुहरसहाय, (अमनदीप गिरधर): थाना गुरुहरसहाय की पुलिस ने उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर मुक्तसर रोड नहर पुल बीड़ हरबंसपुरा से एक युवक को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से हेरोइन बरामद की है। उक्त मामलें में पुलिस ने गिरफ्तार किए व्यक्ति पर एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना गुरुहरसहाय के एस.आई ईशर सिंह ने बताया कि उन्होंने बीते दिन पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान मिली सूचना के अधार पर श्री मुक्तसर साहिब रोड नहर पुल बीड़ हरबंसपुरा से गुरबाज सिंह पुत्र वणजार सिंह वासी गांव सोहनगढ़ रत्तेवाला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 4 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलें की जांच कर रहे ईशर सिंह ने बताया कि पुलिस ने गुरबाज सिंह पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस को समर्पित जश्ने ए इंकलाब समागम

डेली आवाज भारती

लुधियाना (भड़ौड बरनाला कपिल गोड) जश्न ए इंकलाब में लाभ सिंह उगो के की अगवाही में भदौड़ का विशाल काफिला सरपंच हरचरण सिंह मान, 29 सितंबर शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह के जन्म दिवस को समर्पित जश्ने ए इंकलाब समागम पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना के मैदान में करवाया गया जिस मे पंजाब के अलग अलग विधान सभा हलकों से आम आदमी पार्टी से संबंधित आगू वर्कर और समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे इस अवसर पर हल्का भदौड़ के विधायक सरदार लाभ सिंह उगो के की अगवाही में भदौड़ से विशाल काफिला लुधियाना पहुंचा हल्का आगू ओ की तरफ दी गई जानकारी अनुसार करीब 328 गाड़ियों में 1640 लोगों ने इस समागम में स्मूलियत की काफिले में अलग अलग गांवों के सरपंच पंच चेयरमैन पार्टी सदस्य और वर्कर शामिल थे इस मौके पर सरपंच हरचरण सिंह मान समेत हल्के के सभी गांवों से पार्टी आगू पहुंचे भदौड़ से पहुंचे इस विशाल काफिले ने समागम में हल्के की मौजूदगी को खास तौर पर उभारा पार्टी वर्कर का इतनी संख्या में उपस्थित होना लाभ सिंह उगो के वर्करों के तालमेल और पार्टी की सरगर्मी को दर्शाता है हरचरण सिंह मान ने आगे कहा के शहीद भगत सिंह की सोच, पंजाब की विरासत और इंकलाबी विचारधारा को समर्पित इस समागम में भदौड़ हल्के के बड़े इकठ्ठ को लेकर वर्करों में उत्साह देखने को मिला



गुरु नानक कालेज के चेयरमैन असीसप्रीत साईयांवाला ने एन.आर शर्मा सैनेट चुनाव विजेता को दी बधाई

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): गुरु नानक ऐजुकेशन सोसायटी फिरोजपुर के चेयरमैन स.असीसप्रीत सिंह साईयांवाला की तरफ से एन.आर शर्मा प्रिंसीपल पंजाब यूनिवर्सिटी कांसीच्यूट कालेज मोहकम खां वाला (फिरोजपुर) को पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के सैनेट चुनाव में प्रिंसीपल कांसीच्यूसी में शानदार जीत प्राप्त करने पर बधाई दी गई। इस मौके पर स.असीसप्रीत सिंह ने गुरु नानक कालेज की तरफ से प्रिंसील एन.आर शर्मा को फूलों का गुलदस्ता भेंट करते हुए खुशी व्यक्त की और कहा कि प्रिंसीपल एन.आर शर्मा की पंजाब यूनिवर्सिटी सैनेट चुनाव में बड़ी जीत फिरोजपुर के लिए बड़े गर्व की बात है। इससे अब फिरोजपुर जिले के कालेजों में पढ़ रहे छात्रों, अध्यापकों व कालेज प्रबंधकों को पेश आ रही मुश्किलों को हल करवाना आसाना हो जाऐगा। इस मौके पर प्रिंसीपल एन.आर शर्मा ने समूह गणमांयों का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिरोजपुर के छात्रों व कालेज के विकास के लिए यूनिवर्सिटी की सैनेट में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने व आसान बनाने के लिए वह यत्न करेंगे। इस मौके पर चेयरमैन असीसप्रीत सिंह के साथ कालेज प्रधान गुरदीप सिंह संघा, प्रिंसीपल इंद्रजीत सिंह, जतिन्द्र सिंह, विक्रमपाल सिंह व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद थे।



गुरु नानक कालेज के चेयरमैन असीसप्रीत सिंह साईयांवाला एन.आर शर्मा सैनेट चुनाव विजेता को बधाई देते हुए।

खालसा विश्वविद्यालय में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस को समर्पित व्याख्यान आयोजित

डेली आवाज भारती

अमृतसर, के.एस. बेदी – खालसा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज की ओर से शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के जन्मदिवस को समर्पित विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. मंही सिंह के निर्देशों पर आयोजित इस व्याख्यान में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुखदेव सिंह सोहल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। व्याख्यान का उद्देश्य भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख क्रांतिकारियों में से एक शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह के राष्ट्रीय आंदोलन में योगदान को याद करना तथा युवा पीढ़ी को उनके विचारों, आदर्शों, बौद्धिक रुचियों और स्वतंत्र भारत को लेकर उनके सपने से परिचित करवाना था। इस अवसर पर डॉ. मंही सिंह ने सरदार भगत सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि भगत सिंह भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई के महान नायक और युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत थे। उन्होंने अपने छोटे से जीवन में देश की आजादी, न्याय और सामाजिक समानता के लिए महान बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि भगत सिंह की सोच केवल स्वतंत्रता प्राप्त करने तक सीमित नहीं थी, बल्कि वे ऐसे समाज के निर्माण के पक्षधर थे, जहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शहीद भगत सिंह के जीवन, विचारों, देशप्रेम और बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज एवं देश की प्रगति में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर प्रो. सोहल ने 'शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की सोच और विचारधारा पर ऐतिहासिक झलक' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने सरदार भगत सिंह के बौद्धिक विकास, क्रांतिकारी विचारधारा, लेखन, राजनीतिक विचारों तथा राष्ट्रवाद और सामाजिक परिवर्तन संबंधी उनकी समझ के बारे में ऐतिहासिक एवं अकादमिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

प्रो. सोहल ने कहा कि सरदार भगत सिंह को केवल एक क्रांतिकारी नायक के रूप में ही नहीं, बल्कि एक गंभीर चिंतक, उत्साही पाठक और बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में भी समझने की आवश्यकता है। उन्होंने उपनिवेशवाद, राष्ट्रवाद, सामाजिक न्याय, समानता, धर्मनिरपेक्षता और भारतीय समाज के भविष्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार किया। इस संबंध में प्रो. सोहल ने युवाओं को 'भगत सिंह जेल डायरी' पढ़ने के लिए प्रेरित किया, जो जेल के दौरान उनकी बौद्धिक रुचियों, विचारों, पढ़ने की आदत तथा साहित्य और राजनीतिक चिंतन के साथ उनके संबंधों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है। इस अवसर पर अकादमिक मामलों की डीन डॉ. सुरिंदर कौर ने स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज को व्याख्यान के आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सरदार भगत सिंह के जीवन, विचारों और दर्शन से जोड़ने के लिए ऐसा अकादमिक मंच प्रदान करने हेतु फैकल्टी के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर प्रो. सोहल ने डॉ. मंही सिंह और डॉ. सुरिंदर कौर के साथ विद्यार्थियों को तीन दिवसीय स्वच्छता भारत अभियान 'एक कदम स्वच्छता की ओर' में भाग लेने की शपथ भी दिलाई। यह अभियान स्वच्छता, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिकता के संदेश को आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर डॉ. जसविंदर सिंह ने धन्यवाद किया और कार्यक्रम का संचालन डॉ. शशि सूरी ने किया, जबकि डॉ. बलजीत सिंह ने को-कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई।



खालसा विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान के दौरान शपथ लेते हुए प्रो. सुखदेव सिंह सोहल, डॉ. मंही सिंह, डॉ. सुरिंदर कौर एवं अन्य तथा अन्य दृश्य।

CMYK

page 5_Layout 1 30-09-2026 21:31 Page 1

नालसा की योजनाओं को लागू करने के लिए चलाई जा रही व्यापक मुहिम के तहत जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी द्वारा गांव महां सिंह वाला में निःशुल्क मेडिकल कैंप

150 से अधिक लोगों ने निःशुल्क चिकित्सकीय जांच, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और दवाइयों का लाभ लिया

डेली आवाज भारती



मूनक/संगरूर। जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर द्वारा राष्ट्रीय कानूनी सेवाएं अथॉरिटी (नालसा) की योजनाओं को लागू करने के लिए चलाई जा रही व्यापक मुहिम के तहत आज गांव महां सिंह वाला में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। यह कैंप माननीय सदस्य सचिव, पंजाब राज्य कानूनी सेवाएं अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर के नेतृत्व में लगाया गया। इस संबंधी जानकारी देते हुए आशीष ठठई, चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट-कम-सचिव, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर ने बताया कि कैंप में 150 से अधिक लोगों ने लाभ लिया। इस दौरान गांववासियों की निःशुल्क चिकित्सकीय जांच और गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई तथा निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। आंखों की विशेषज्ञ डॉ. रमनप्रीत कौर और मेडिकल ऑफिसर डॉ. साहिल अपनी टीम सहित कैंप में पहुंचे लोगों की चिकित्सकीय जांच की और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस कैंप के माध्यम से गांववासियों को अपने गांव में ही चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ लेने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की विशेषज्ञ डॉक्टरों से जांच करवाने का अवसर मिला। कैंप में पहुंचे लोगों को कानूनी सेवाएं अथॉरिटीज के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई। आशीष ठठई ने कहा कि इस पहल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ कानूनी जागरूकता भी लोगों तक पहुंचाई गई है, ताकि वे चिकित्सकीय सुविधाओं का लाभ लेने के साथ-साथ कानूनी सहायता के बारे में भी जागरूक हो सकें। उन्होंने कानूनी मदद की आवश्यकता वाले व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता संबंधी जानकारी और मदद के लिए जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, संगरूर से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। यह कैंप नालसा की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक पहुंचाने और लोगों में कानूनी सेवाओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाई जा रही व्यापक मुहिम का हिस्सा था।

खेडां वतन पंजाब दियां में युवा बढ़-चढ़कर ले रहे हैं हिस्सा



डेली आवाज भारती

संगरूर। खेल विभाग पंजाब द्वारा खेडां वतन पंजाब दियां (सीजन-4)-2026 के तहत जिला स्तरीय खेलों के दूसरे दिन रछपाल सिंह, चेयरमैन जिला परिषद, संगरूर द्वारा शतरंज खेल के वेन्यू अग्रवाल धर्मशाला में शिरकत की गई और खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया गया। आज तैराकी के मुकाबले वार हीरोज स्टेडियम, संगरूर में तथा क्रिकेट के मुकाबले जनरल गुरनाम सिंह पब्लिक स्कूल, संगरूर में श्री करम सिंह, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी द्वारा शिरकत की गई। वहीं क्रिकेट के वेन्यू जनरल गुरनाम सिंह पब्लिक स्कूल, संगरूर में श्री योगराज सिंह, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी द्वारा शिरकत की गई। उनके द्वारा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। इसके साथ ही आज दूसरे दिन भी फुटबॉल के मुकाबले अकाल अकादमी मस्तुआना साहिब में आयोजित किए गए। इस अवसर पर श्री कौशल कुमार, सेवानिवृत्त जिला खेल अधिकारी, संगरूर द्वारा शिरकत की गई और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही तीरंदाजी (आर्चरी) के मुकाबले भी जी.सी.एम. कॉन्वेंट स्कूल, दिड़बा में जारी हैं।

डेयरी विकास विभाग ने लगाया दूध उत्पादक जागरूकता कैंप



डेली आवाज भारती

संगरूर। पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां के दिशा-निर्देशों के अनुसार डेयरी विकास विभाग, संगरूर की टीम द्वारा गांव कंझला में डी.डी.-6 योजना के तहत दूध उत्पादक जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कैंप में स. हरप्रीत सिंह, डिप्टी डायरेक्टर डेयरी, संगरूर ने विभाग द्वारा डेयरी फार्मिंग के लिए सरकार की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ लेने संबंधी जानकारी दी। उन्होंने पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं को अधिक से अधिक डेयरी फार्मिंग का व्यवसाय अपनाकर अपने जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित किया।

सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर पशुपालन डॉ. गुरदेव सिंह द्वारा पशुओं का रिकॉर्ड रखने तथा पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त चारा विकास अधिकारी स. अजायब सिंह ने पशुओं के लिए संतुलित आहार, हे, साइलेज और पशु आहार के संबंध में जानकारी दी।

डेयरी विकास इंस्पेक्टर दविंदर सिंह और चरणजीत धीर द्वारा डेयरी योजनाओं तथा लाभदायक डेयरी फार्मिंग विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर गांव के सरपंच स. सतगुर सिंह द्वारा विभाग की टीम का गांव में जागरूकता कैंप लगाने के लिए धन्यवाद किया गया।

सोशल मीडिया पर गल्त वीडिया अपलोड करने का मामला..

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): थाना साईब्र क्राईम फिरोजपुर की पुलिस ने सोशल मीडिया इंस्टा ग्राम आदि पर सैक्सूअल एवं बच्चो से संबंधित गल्त वीडीओ अपलोड करने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। मालूम हो कि उक्त कार्रवाई नैश्नल साईब्र क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर आई शिकायत की जांच करने के बाद की गई है। जानकारी देते हुए इंस्पैक्टर सुखबीर कौर ने बताया कि नैश्नल साईब्र क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर अपलोड सामग्री की शिकायत पर जांच की गई तो कुछ अशलील और बच्चों के साथ गल्त हरकतें करने संबंधी सोशल मीडिया पर वीडीओ अपलोड की गई थीस जोकि मोबाईल नंबर 78142-09912 से अज्ञात व्यक्ति ने सोशल मीडिया इंस्टा ग्राम आदि पर डाली गई है। मामले की जांच कर रहे सुखबीर कौर ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलें में अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव करवाने की मांग को लेकर शहीद धर्म युद्ध मोर्चा ने संघर्ष तेज करने का आह्वान

डेली आवाज भारती



बटाला, (अमनदीप संधू): शहर बटाला में शहीद धर्म युद्ध मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे संघर्ष को उस समय और बल मिला, जब रात करीब 10 बजे प्रेस क्लब 'जागदी ज़मीर पंजाब' की पूरी टीम मोर्चे वाले स्थान पर पहुंची। इस दौरान छोटे बच्चों, बीबियों-बहनों और संगत द्वारा आनंदमयी कीर्तन किया जा रहा था, जिससे पूरा वातावरण गुरबाणी के रंग में रंगा हुआ था।

इस मौके पर मोर्चे के समन्वयक भाई गुरप्रीत सिंह ने कहा कि गुरुद्वारा साहिब के प्रबंधन को कथित तौर पर नारायण महंतों के वारिसों के प्रभाव से मुक्त करवाने के लिए सिख संगत को एकजुट होकर आवाज बुलंद करने की जरूरत है। उन्होंने 1921 के साके को याद करते हुए कहा कि माझे की धरती के जत्थेदार भाई लछमण सिंह धारोवाली और उनके साथियों ने गुरुद्वारा साहिबान की आजादी के लिए महान शहादतें दी थीं। मोर्चे के नेताओं ने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनाव समय पर करवाना संगत का लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने केंद्र सरकार से चुनाव की तारीख का तुरंत ऐलान करने तथा पंजाब सरकार से चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा श्री आनंदपुर साहिब में दर्ज कथित गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए नेताओं ने कहा कि संबंधित एफआईआर की जांच सीबीआई या उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त नहीं बल्कि कार्यरत न्यायाधीश की निगरानी में करवाई जाए, ताकि मामले की सच्चाई स्पष्ट हो सके। भाई गुरप्रीत सिंह ने गुरु प्यारी संगत से शहीद भाई सुखा सिंह-मेहताब सिंह पार्क, जालंधर रोड, बटाला में चल रहे मोर्चे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगत की एकजुटता और शांतिपूर्ण सहयोग से मांगों को प्रभावी ढंग से उठाया जा सकता है। इस मौके पर धर्मी ग्रंथी समाना मोर्चा से बाबा गुरदीप सिंह भुल्लर, सत्कार कमेटी बटाला के भाई गुरनाम सिंह, सत्कार कमेटी सियालका के भाई निशान सिंह, भाई शमशेर सिंह चैनेवाल और भाई महिंदर सिंह बटाला सहित अन्य सेवादार उपस्थित थे।

विधायक डॉ अजय गुप्ता ने गलियों में सीवरेज व्यवस्था डलवाने के विकास कार्यों के किए उद्घाटन

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी : केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता ने आज वार्ड नंबर 59 के क्षेत्र गली बदरायो और बिक्रम गली में नई सीवरेज व्यवस्था डालने के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि वॉल्ड सिटी की गलियों में खराब सीवरेज व्यवस्था को लेकर शिकायतें मिल रही थी। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब 3 विधायक फंड के तहत वॉल्ड सिटी की गलियों में नई सीवरेज व्यवस्था डालने विकास कार्य को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सीवरेज व्यवस्था डालने के विकास कार्य तेजी से शुरू करवाए जा रहे हैं। आने वाले 2 महीनो के भीतर यह सभी कार्य पूरे करवा दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन-जिन क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था डलवाई जाएगी, उन क्षेत्रों में कंक्रीट से गलियों को पक्का भी करवा दिया जाएगा। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि रंगला पंजाब 3 विधायक फंड की हल्के में 5 करोड़ के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। इनसे हल्के की सभी 14 वार्ड और तीन पंचायत में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए इंफ्रूवमेंट ट्रस्ट अमृतसर से भी लगभग 4 करोड़ रुपयो के विकास कार्यों को मंजूरी ली गई है।

युवा महोत्सव के दूसरे दिन प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन

डेली आवाज भारती





अमृतसर,के.एस. बेदी : गुरु नानक देव विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव के दूसरे दिन विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित यह युवा महोत्सव श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को समर्पित है। युवा कल्याण विभाग के प्रभारी प्रो. (डॉ.) अमनदीप सिंह ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन दशमेश ऑडिटोरियम, गोल्डन जुबली कन्वेंशन सेंटर, संगत हॉल तथा कॉन्फ्रेंस हॉल में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कॉस्ट्यूम परेड, माइम, मिमिक्री, स्किट और वन-एक्ट प्ले प्रमुख रहे। इसी प्रकार ग्रुप शबद भजन, ग्रुप सॉन्ग, वार सिंगिंग और कविशरी की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी गायन एवं प्रस्तुति कला का प्रदर्शन किया। रंगोली, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग और मेहंदी प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा को प्रस्तुत किया। इसके अलावा एलोक्यूशन और डिबेट प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपने विचार एवं वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। प्रो. (डॉ.) अमनदीप सिंह ने कहा कि उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह के दिशा-निर्देशों के अनुसार इस वर्ष के युवा महोत्सव को श्री अमृतसर साहिब की 450वीं स्थापना वर्षगांठ को समर्पित किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों को शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि युवा महोत्सव के अंतिम दिन 1 अक्तूबर को कोरियोग्राफी, पारंपरिक एवं लोक कलाओं से संबंधित प्रतियोगिताएं, जनरल डांस, वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न ग्रुप सॉन्ग, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो, फुलकारी, पखी मेकिंग, छीकू मेकिंग, पीढ़ी मेकिंग, पोएटिकल सिम्पोजियम तथा क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

पराली प्रबंधन मशीनों की खरीद के लिए अनुसूचित जाति के किसानों से आवेदन की मांग

डेली आवाज भारती



फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों के लिए सीआरएम योजना के तहत पराली प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनों के लिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर एक बार फिर से आवेदन मांगे गए हैं। इस संबंध में मुख्य कृषि अधिकारी फिरोजपुर डा.बलविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआरएम योजना वर्ष 2026-27 के तहत कंपोनेंट-1 के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों को पराली के प्रबंधन वाली मशीनों पर सब्सिडी उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा पोर्टल आन लाईन खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों का चयन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर करने का निर्णय लिया गया है। यह पोर्टल जिले को आवंटित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति तक खुला रखा जाएगा। इस संबंध में मुख्य कृषि अधिकारी डा.बलविंदर सिंह ने सभी ब्लॉक कृषि अधिकारियों को गांवों में कैंपों के माध्यम से और बैठकों के जरिए किसानों को जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

पीएयू फार्म सलाहकार सेवा केंद्र बरनाला ने धूरकोट गांव में खेत दिवस आयोजित किया

डेली आवाज भारती



बरनाला। पीएयू फार्म सलाहकार सेवा केंद्र, बरनाला की ओर से गांव धूरकोट में धान की सीधी बुवाई को लेकर खेत दिवस आयोजित किया गया। इसमें 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला विस्तार वैज्ञानिक डॉ. अमनदीप कौर ने धान की सीधी बुवाई के फायदे और इससे जुड़ी चुनौतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों को धान की पराली को बिना आग लगाए खेत में ही उचित तरीके से प्रबंधित करने के लिए हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, पीएयू स्मार्ट सीडर तथा सरफेस सीडिंग-कम-मल्चिंग विधि के माध्यम से गेहूं की बुवाई करने के लिए जागरूक किया गया। किसानों को मिट्टी की जांच करवाने के लिए नमूना लेने की सही विधि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा रासायनिक उर्वरकों के उचित एवं संतुलित उपयोग संबंधी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार और मिट्टी की जांच के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से खेती की लागत कम होती है और मिट्टी का स्वास्थ्य भी बेहतर रहता है।

किसानों को रबी सीजन में बोई जाने वाली गेहूं और राया की नई अनुशंसित किस्मों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। फसल विविधीकरण को ध्यान में रखते हुए किसानों को रबी सीजन में बोई जाने वाली तिलहन फसलों, दलहनों और सब्जियों के बारे में भी जानकारी दी गई। घरेलू बगीचे के महत्व को ध्यान में रखते हुए किसानों को पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई सर्दी के मौसम की सब्जियों की किटें उपलब्ध करवाई गईं।

12.72 ग्राम हेरोइन के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया

डेली आवाज भारती

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): जिला फिरोजपुर की पुलिस ने एसएसपी फिरोजपुर भूपिन्द्र सिंह के दिशा निर्देशानुसार नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ चलाई मुहिम तहत गश्त व चैकिंग के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 12.72 ग्राम हैरोइन बरामद की है। उक्त मामलों में पुलिस ने गिरफ्तार किए लोगों के खिलाफ सिटी तलवंडी भाई, थाना कुलगड़ी एवं थाना मल्लांवाला में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं तहत मामले दर्ज किए है। जानकारी अनुसार थाना कुलगड़ी के एच.सी लवदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान फिरोजपुर-फरीदकोट रोड पर से शक के अधार पर अरमान सिंह उर्फ अरमान पुत्र मंगा सिंह वासी गांव हाजी वाला को गिरफअतार करके उसके कब्जे से 4.72 ग्राम हेरोइन, थाना तलवंडी भाई के एएसआई सुरजीत सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान माता साहिब कौर कालेज के नजदीक से रणबीर सिंह उर्फ रवि पुत्र गुरप्रीत सिंह वासी अजीत नगर तलवंडी भाई और गुरतेज सिंह उर्फ तेजा पुत्र जगजीत सिंह वासी गांव कोट करोड़ को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 5 ग्राम हेरोइन और थाना मल्लांवाला के एएसआई गुरदीप सिंह ने पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चैकिंग के दौरान शमशानघाट के नजदीक से शक के अधार पर बब्बलू पुत्र बलवीर सिंह वासी धर्मपुरा को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 3 ग्राम हेरोइन बरामद की है। मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने उक्त मामलों में गिरफ्तार लोगों पर मामले दर्ज करके अगामी कार्रवाई शुरु कर दी है।

गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के प्रो. तेजवंत सिंह कंग को जापान सरकार के 'लोटस प्रोग्राम' के तहत शोध परियोजना मिली

डेली आवाज भारती



अमृतसर, के.एस. बेदी। अंतरराष्ट्रीय शोध सहयोग और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर प्रो. तेजवंत सिंह कंग को जापान सरकार के 'लोटस प्रोग्राम' के तहत तीन वर्ष की शोध परियोजना मिली है। यह परियोजना जापान के क्यूशू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर की जाएगी। पंजाब क्षेत्र में स्वीकृत चार परियोजनाओं में से एक परियोजना गुरु नानक देव विश्वविद्यालय, एक आईआईएसईआर मोहाली और दो परियोजनाएं आईआईटी रोपड़ को मिली हैं। इस शोध का मुख्य उद्देश्य हवा से सीधे कार्बन डाइऑक्साइड (ष्ट्रहे) हटाने के लिए नई प्रकार की झिल्लियां (मेम्ब्रेन) तैयार करना है। इस तकनीक को 'डायरेक्ट एयर कैप्चर' कहा जाता है। आसान शब्दों में कहें तो इस तकनीक के जरिए हवा में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को सीधे हटाने का प्रयास किया जाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार हवा में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा लगातार बढ़ रही है, जिसका संबंध धरती के बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन से है। प्रदूषण फैलाने वाली गैसों को उनके स्रोत पर कम करना जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही हवा में पहले से मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को कम करने के लिए नए तरीके विकसित करना भी जरूरी है। इस परियोजना के तहत ऐसी तकनीक विकसित करने पर काम किया जाएगा, जो प्रभावी होने के साथ कम खर्चीली और पर्यावरण के लिए टिकाऊ हो। क्यूशू विश्वविद्यालय, जापान के साथ तीन वर्ष की यह संयुक्त परियोजना भारत और जापान के वैज्ञानिकों के बीच शोध अनुभव साझा करने, नया ज्ञान हासिल करने और आपसी शोध सहयोग को और मजबूत करने का अवसर भी प्रदान करेगी।

प्रकाशक एवं मुख्य संपादक - रीतू रानी। संस्थापक (फाउंडर) एवं स्थानीय संपादक (पंजाब) - हेमन्त मित्तल। चेयरमैन- श्रवण कुमार खरींटा । मैनेजिंग डायरेक्टर - धीरज महाजन , क्राइम आवाज इंडिया के लिए उन्हीं के द्वारा डेली आवाज भारती, बी-4/935, बैक साइड शिव मठ, राधा स्वामी स्ट्रीट बरनाला से प्रकाशित। सेनरा प्रिंटिंग प्रेस, भुटाना मोर, नजदीक ओल्ड पुलिस चौंकी, जी. टी रोड, नीलोखेरी, करनाल, हरियाणा - 132117 से मुद्रित। दूरभाष- प्रेस कार्यालय - 01762-505507 E-mail: dailyawazbharti@gmail.com, रजि. नं पीबीएचआईएन/26/ए2687 इस अंक में प्रकाशित समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा उनसे उत्पन्न समस्त विवाद बरनाला न्यायालय के अधीन होंगे।

CMYK

page 6_Layout 1 30-09-2026 16:23 Page 1

'कट' बोलते ही नॉर्मल हो जाती हूं

इमोशन को साथ नहीं रखती: परिणीति चोपड़ा

मुंबई। अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों वेब सीरीज 'शक- ट्रस्ट नो वन' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का कहना है कि वह अपने द्वारा निभाए गए किरदारों के प्रभावों को निजी जिंदगी पर हावी नहीं होने देती हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि उनके अंदर का एक्टर बहुत आसानी से ऑन और ऑफ हो जाता है। अभिनेत्री ने बताया, 'कट' शब्द सुनते ही मैं बिल्कुल नॉर्मल हो जाती हूं। सच कहूं, तो मैं एक सेकंड के लिए भी किसी इमोशन को अपने साथ लेकर नहीं चलती हूं। हालांकि, इस पर लोग मेरा मजाक भी बनाते हैं कि अभी तक मैं रो रही थी, चीख रही थी और जैसे ही 'कट' बोला गया, मैं नॉर्मल हो गई, हंसने लगी। कई बार ऐसा हुआ है कि लोग मुझे मेरी ही नकल करके दिखाते और पूछते हैं कि 'तुम ये कैसे कर लेती हो?' मुझे नहीं पता, क्योंकि मैं जानबूझकर ऐसा नहीं करती। अभिनेत्री का कहना है कि वे एक्टिंग करने के दौरान अपने किरदार में इतनी लीन हो जाती हैं कि वह उसी तरह एक्ट करती हैं और जैसे ही कट होता है, वह नॉर्मल हो जाती हैं। उन्होंने कहा, एक्टिंग के दौरान भले ही मैं कितना भी महसूस करूं, लेकिन मेरे आंसू असली होते हैं, इमोशन और फिजिकल मेहनत असली होती है और जैसे ही 'कट' बोला जाता है, मैं सोचती हूं 'ओह, कट हो गया। अब मेरा कोई काम नहीं है'। तो मैं सच में स्विच ऑफ हो जाती हूं। भगवान का शुक्र है कि ऐसा है, क्योंकि मैं बहुत थक जाती। आजकल मैं कई भारी-भरकम किरदार निभा रही हूं। अगर उन किरदारों का हैंगओवर मुझ पर रहता, तो मैं एक कलाकार के तौर पर और एक इंसान के तौर पर भी थक जाती और मैं यह एक काम सिर्फ इसलिए नहीं कर सकती क्योंकि मैं किसी फिल्म या शो में कोई रोल कर रही हूं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं उस इमोशन को अपने पूरे दिन नहीं रख सकती और सारा समय बर्बाद नहीं कर सकती। उस सेट के बाहर भी मेरी एक जिंदगी है और मुझे उसे भी जीना है। मैं ऐसा नहीं कह सकती कि आज मैंने एक इमोशनल सीन किया, तो मुझे बर्थडे पार्टी के लिए इतने इंटेंस मूड में होना चाहिए।

'फोर्स' के 15 साल पूरे होने पर इमोशनल हुए जॉन अब्राहम

दिवंगत डायरेक्टर निशिकांत कामत को किया याद

अभिनेता जॉन अब्राहम की एक्शन-ड्रामा फिल्म 'फोर्स' ने बुधवार को अपनी रिलीज के 15 साल पूरे किए। इस अवसर पर अभिनेता ने फिल्म के निर्देशक निशिकांत कामत को याद किया। इसके साथ ही फिल्म से जुड़ी यादों को फिर से दोहराया। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर फिल्ममेकर निशिकांत कामत के साथ तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने बताया कि फिल्ममेकर की वजह से ही उन्हें अच्छा अभिनय करने का मौका मिला। अभिनेता ने लिखा, फिल्म 'फोर्स' ने अपनी रिलीज के 15 साल पूरे कर लिए हैं। हमने एक ऐसी एक्शन फिल्म बनाने की कोशिश की थी, जिसमें इमोशन के साथ-साथ एक्शन भी दमदार था। अभिनेता का कहना है कि फिल्म 'फोर्स' निशिकांत कामत के बिना बनना नामुमकिन था। उन्होंने लिखा, 'फोर्स निशी (निशिकांत कामत) के बिना नहीं बन पाती। उन्होंने मुझे पुश किया, मुझ पर भरोसा किया और फिल्म को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। काश वो आज यहां होते और देखते कि ये सफर कहां तक पहुंचा है। मिस यू निशी। उम्मीद है आप मुझ पर गर्व महसूस कर रहे होंगे। साल 2011 में रिलीज हुई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'फोर्स' में जॉन अब्राहम के साथ जेनेलिया डिसूजा और विद्युत जामवाल (विद्युत की पहली बॉलीवुड फिल्म) जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे। अन्य कलाकारों में मोहनीश बहल, राज बब्बर और मुकेश ऋषि ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। यह फिल्म गौतम मेनन की 2003 में आई तमिल सुपरहिट फिल्म 'काखा काखा' की रीमेक थी। इसमें जॉन अब्राहम ने एसीपी यशवर्धन नाम के एक सख्त और निडर नारकोटिक्स अधिकारी की भूमिका निभाई थी, जो ड्रग कार्टेल को खत्म करने के लिए किसी भी हद तक जाता है। फिल्म में एक्शन के साथ-साथ यशवर्धन और माया (जेनेलिया डिसूजा) की रोमांटिक प्रेम कहानी भी दिखाई गई थी। रिलीज होने के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी, जिसके बाद इसकी एक पूरी फ्रेंचाइजी तैयार हुई। साल 2016 में 'फोर्स-2' रिलीज हुई थी, जिसमें जॉन अब्राहम के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आई थीं। इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'फोर्स 3' फिलहाल पाइपलाइन में है और 19 मार्च 2027 को रिलीज के लिए शेड्यूल्ड है, जिसका निर्देशन भाव धूलिया कर रहे हैं।



करण जौहर ने 'कॉफी विद करण' के फाइनल सीजन का किया ऐलान, बोले- 'आखिरी बार साथ पीजिए कॉफी'

मुंबई। फिल्ममेकर और टीवी होस्ट करण जौहर का पॉपुलर सेलिब्रिटी चैट शो %कॉफी विद करण% अब अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। करण जौहर ने शो के फाइनल सीजन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह शो के सफर को याद करते हुए काफी इमोशनल नजर आए। करण ने बताया कि इस शो को शुरू करने का आइडिया उन्हें अपने दिवंगत पिता और फिल्म प्रोड्यूसर यश जौहर से हुई बातचीत के दौरान आया था।

अब 8 सीजन और 161 एपिसोड के लंबे सफर के बाद करण शो का आखिरी सीजन लेकर आ रहे हैं। करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, %%मुझे लगता है कि हमें बात करनी चाहिए, कॉफी पर... %हॉटस्टार स्पेशल्स- कॉफी विद करण सीजन 9% का प्रीमियर 14 अक्टूबर से जियोस्टार पर होगा।%%

वीडियो में करण ने शो शुरू होने के पीछे की कहानी शेयर की। उन्होंने कहा, %%यह जून 2004 की बात है, जब मैंने अपने पिता यश जौहर से कहा था कि मैं एक टॉक शो होस्ट करना चाहता हूं। मैं दो सेलिब्रिटीज या स्टार्स को बुलाकर उनके साथ खुलकर बातचीत करना चाहता हूं। मेरे पिता ने मेरी तरफ देखा और मजाकिया अंदाज में पूछा- %करण तुम अपने दोस्तों को बुलाकर उनसे बातें ही तो करोगे, फिर कोई इसके लिए पैसे क्यों देगा?%%%

करण ने आगे कहा, %%उसी महीने मेरे पिता गुजर गए। 26 जून को उनका निधन हुआ था। %कॉफी विद करण% के लिए मैंने पहली बार 16 अगस्त 2004 को शूट किया था, और आज मैं यहां हूं- आठ सीजन बाद, 22 साल बाद और 161 एपिसोड बाद।%%


शो के आखिरी सीजन को लेकर करण ने कहा, %%कुछ सफर ऐसे होते हैं, जिन्हें खत्म करने की कोई योजना नहीं होती, लेकिन दिल के अंदर कहीं न कहीं आपको पता चल जाता है कि अब उन्हें जाने देने का वक्त आ गया है। %कॉफी विद करण% मेरी जिंदगी का बेहद खास हिस्सा रहा है। इस शो ने मुझे दोस्ती, यादें, कई मजेदार पल, ढेर सारा प्यार और विवाद भी दिए हैं।%%

करण ने कहा, %%इन सबके बीच जो चीज लगातार बनी रही, वह शो की ऑडियंस थी। दर्शकों ने हमारे साथ हंसी-मजाक किया, बहस की, ट्रोल किया, शो का जश्न मनाया और सबसे जरूरी बात, हर बार एक और कप कॉफी के लिए वापस आते रहे।%%

करण ने फाइनल सीजन को लेकर कहा, %%अलविदा कहना भावुक है, लेकिन यह सही भी लगता है। यह आखिरी सीजन मेरी तरफ से एक आखिरी बार कॉफी मग उठाने का तरीका है- शुक्रिया और प्यार के साथ, उन सभी लोगों के लिए जिन्होंने %कॉफी विद करण% को वह बनाया, जो यह आज है। तो आइए, मेरे साथ आखिरी कप कॉफी पीजिए। आखिरी बार।%%

जियो हॉटस्टार के हिंदी और इंग्लिश एंटरटेनमेंट बिजनेस के हेड आलोक जैन ने भी शो के लंबे सफर को याद किया। उन्होंने कहा कि %कॉफी विद करण% ऐसा टॉक शो रहा है, जिसने बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज को दर्शकों के घरों तक पहुंचाया और एक ऐसा फैन बेस बनाया, जिसकी तुलना बहुत कम शोज से की जा सकती है।

%कॉफी विद करण% का फाइनल सीजन 14 अक्टूबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।



कुब्रा सैत ने गोविंदा और सुनीता आहूजा को लेकर अटकलों पर उठाया सवाल



फैन कब से प्राइवेट इन्वेस्टिगेटर बन गए?

मुंबई गोविंदा लंबे समय से अपनी निजी जिंदगी को लेकर होने वाली चर्चाओं और अटकलों के केंद्र में बने हुए हैं। इनमें विशेष रूप से उनके आसपास नजर आने वाली महिलाओं को सोशल मीडिया पर 'मिस्ट्री वुमन' या 'तथाकथित गर्लफ्रेंड' जैसे नाम दिए जा रहे हैं। ऐसे में अब अभिनेत्री कुब्रा सैत ने सेलिब्रिटी गॉसिप को जजमेंट में बदलने की बढ़ती प्रवृत्ति पर तीखा सवाल उठाया है। यही नहीं उन्होंने सुनीता आहूजा और उन महिलाओं के समर्थन में भी बात की है, जो इस तरह की अटकलों का हिस्सा बना दी जाती हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक बेबाक वीडियो में कुब्रा ने सबसे पहले उस गोविंदा को याद किया, जिन्हें वह बचपन से देखती आई हैं। उन्होंने कहा, मैं गोविंदा को देखते हुए बड़ी हुई हूं। हां यार, क्या सुपरस्टार थे, आइकन, लीजेंड। पूरा 90ह्य इस आदमी के नाम था। इसके बाद उन्होंने सवाल किया कि आज अभिनेता की निजी जिंदगी को लेकर होने वाली बातचीत आखिर इतनी बदल कैसे गई। लगातार हो रही अटकलों पर तंज कसते हुए आगे कुब्रा कहती हैं, आज 2026 में अगर कोई लड़की उनके आसपास है, अगर वह उनके पास खड़ी है, अगर वह उनके आसपास सांस भी ले रही है, तो वह 'मिस्ट्री वुमन' है, 'तथाकथित गर्लफ्रेंड' है। आप मुझे बताइए, इस नतीजे पर कौन पहुंचा? इसके बाद कुब्रा ने सुनीता आहूजा का जिक्र किया, जिनसे वह व्यक्तिगत रूप से मिल चुकी हैं।



उन्होंने सुनीता को फनी, बेबाक, आउटरेजियस और शानदार बताया। हालांकि कुब्रा को सबसे ज्यादा आपत्ति इस बात से है कि सुनीता और ऐसी अफवाहों से जोड़ी जाने वाली हर महिला से बार-बार उन अटकलों पर सफाई देने की उम्मीद की जाती है, जिन्हें उन्होंने खुद शुरू ही नहीं किया। कुब्रा कहती हैं, आज जब भी बाजार में कोई अफेयर आता है, तो उन्हें मुड़कर इसका जवाब देना पड़ता है। उन्हें छोड़िए, उन पांच दूसरी महिलाओं को भी इसका जवाब देना पड़ता है। इसके बाद कुब्रा ने वीडियो का सबसे अहम सवाल सामने रखते हुए कहा, आखिर गॉसिप, गॉसिप न होकर जजमेंट कब बन गया? हालांकि एक पब्लिक फिगर होने के नाते लोगों की नजरों में रहने की बात स्वीकार करते हुए कुब्रा ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी के काम को लेकर उत्सुकता और उसकी निजी जिंदगी में दखल देने के बीच एक सीमा होनी चाहिए। उन्होंने कहा, मैं एक पब्लिक फिगर हूं, मैं समझती हूं। मेरी जिंदगी बहुत मुश्किल है, लेकिन वह मेरा काम है। आप मेरी पर्सनल लाइफ को लेकर उसे पब्लिक स्पिटून क्यों बना रहे हैं? मतलब, आपसे किसने पूछा? अभिनेत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि महिलाओं का सम्मान सिर्फ तब नहीं होना चाहिए, जब उनके साथ कोई भयावह घटना हो। रोजमर्रा की जिंदगी में और उनके व्यक्तिगत फैसलों में भी महिलाओं के प्रति सम्मान जरूरी है। इसी के साथ कुब्रा ने उन लोगों को भी आड़े हाथों लिया है, जो बिना पुष्टि की गई अटकलों पर भद्दे कमेंट करते हैं या सिर्फ क्लिक और वायरल होने के लिए वीडियो बनाते हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से भी खुद से सवाल करने की अपील की कि क्या उन्हें वास्तव में हर उस गॉसिप का हिस्सा बनना जरूरी है, जिसे वे देखते या सुनते हैं?

CMYK

page 7_Layout 1 30-09-2026 15:54 Page 1

मिजोरमः आठ महीनों में 846 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स जब्त, 930 लोग गिरफ्तार

डेली आवाज भारती

आईजोल। मिजोरम पुलिस समेत सुरक्षा बलों ने इस साल जनवरी से अगस्त के बीच राज्य में 846 करोड़ रुपये से ज़्यादा कीमत की अलग-अलग तरह की ड्रग्स जब्त की हैं, जिनमें अत्यधिक लत लगाने वाली मेथामफेटामाइन टैबलेट और हेरोइन शामिल हैं, और 930 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। गृह विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस साल के पहले आठ महीनों में ड्रग्स से जुड़े मामलों में गिरफ्तार किए गए 930 लोगों में से 111 विदेशी थे, जिनमें से ज्यादातर म्यांमार के नागरिक थे। उन्होंने बताया कि जनवरी-अगस्त की अवधि के दौरान नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट, 1985 के तहत कुल 635 मामले दर्ज किए गए। अधिकारी के अनुसार, इस साल अगस्त तक मिजोरम में ड्रग्स के सेवन से 45 लोगों की मौत हुई,



जिनमें सात महिलाएं भी शामिल थीं। उन्होंने बताया कि 2025 में राज्य में ड्रग्स के सेवन से 118 लोगों की मौत हुई, जिनमें 18 महिलाएं शामिल थीं। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने ड्रग्स की तस्करी और सेवन को रोकने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं, खासकर म्यांमार के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा पर। मिजोरम के गृह मंत्री के. सपडांगा ने आइजोल में ड्रग्स से जुड़े जागरूकता अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य ने हाल ही में राज्य और उसके लोगों को ड्रग्स के खतरे से बचाने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने कई युवाओं को होने वाली गंभीर परेशानियों का जिक्र किया और प्रवर्तन एजेंसियों, एनजीओ और चर्चों को शामिल करते हुए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। गृह मंत्री ने कहा कि सिर्फ ड्रग्स बेचने वालों और ले जाने वालों को ही नहीं, बल्कि इस कारोबार से जुड़े सभी लोगों की भी अच्छी तरह से जांच की जानी चाहिए और उनसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से आज से ही अपनी पूरी कोशिश करने का आह्वान किया ताकि %स्टेट एक्शन प्लान% को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इस प्लान को सोमवार को मिजोरम के गवर्नर जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (रिटायर्ड) ने औपचारिक रूप से लॉन्च किया था।

उन्होंने कहा कि ड्रग्स की आवक को रोकने के लिए सीमाओं पर ऑपरेशन तेज करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। ड्रग्स से जुड़े अपराधियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जरूरत पर जोर देते हुए, सपडांगा ने यह भी कहा कि नशे की लत से जूझ रहे लोगों के साथ सहानुभूति और देखभाल के साथ पेश आना चाहिए ताकि वे सामान्य जीवन में लौट सकें। उन्होंने युवाओं को बचाने के लिए शिक्षण संस्थानों में ड्रग्स के प्रति जागरूकता अभियान तेज करने के महत्व पर भी जोर दिया। मंत्री ने त्लांगमावी गांव के लोगों की एकता और हिम्मत की तारीफ की, जिसके जरिए वे अपने गांव को नशा-मुक्त बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने उनकी इस कोशिश को पूरे राज्य के लिए एक प्रेरणादायक संदेश और दूसरों के लिए एक बड़ी चुनौती बताया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे फिर से संकल्प लें ताकि नशा उनके भविष्य को बर्बाद न करे। उन्होंने माता-पिता से अपने बच्चों पर नजर रखने को कहा और एनजीओ, चर्च व समुदाय के नेताओं से नशीली दवाओं के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होकर काम करने की अपील की। म्यांमार के साथ लंबी और खुली अंतरराष्ट्रीय सीमाओं और दुनिया के प्रमुख अवैध नशीले पदार्थों के उत्पादन वाले इलाकों में से एक 'गोल्डन ट्राएंगल' के पास होने के कारण, मिजोरम और मणिपुर पूर्वोत्तर में नशीली दवाओं की तस्करी के बड़े रास्ते बन गए हैं।

महंत अवैद्यनाथ ने सामाजिक समता से हिंदू समाज को किया एकजुटः मुख्यमंत्री योगी

डेली आवाज भारती

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि हिंदू समाज की ताकत उसकी जीवंतता में है। उसमें अपनी विसंगतियों और विकृतियों के परिमार्जन की सामर्थ्य है। महंत दिग्विजयनाथ हिंदू समाज की एकता के लिए प्रचंड हिंदुत्व के वेग को आगे बढ़ाने के पक्षधर थे तो महंत अवैद्यनाथ ने बिखरी हिंदू ताकत को सामाजिक समता के आधार पर एकजुट करने के लिए जीवनभर प्रयास किया। सहभोज इसी अभियान का हिस्सा था। मुख्यमंत्री योगी युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 57वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री गोरखनाथ मंदिर में आयोजित 'सप्त दिवसीय पुण्यतिथि समारोह' के अंतर्गत 'राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की पावन पुण्यतिथि' विषयक व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने दोनों ब्रह्मलीन संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने कहा कि महंत



दिग्विजयनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला का प्रकटीकरण हुआ। बाद में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सानिध्य में विश्व हिंदू परिषद ने राष्ट्रीय राम जन्मभूमि मुक्ति समिति बनाई तो महंत अवेद्यनाथ ने उसका नेतृत्व संभाला। संतों को साथ लेकर उन्होंने राम जन्मभूमि मुक्ति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने इसे गुरु परंपरा का विस्तार बताते हुए कहा कि समय, समाज और राष्ट्र की आवश्यकता के अनुरूप विचारों को आगे बढ़ाकर लोकोपयोगी बनाना महापुरुषों का गुण है। गोरक्षपीठ इसी चिंतन को आगे बढ़ाती रहेगी।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीयता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण संस्थाएं महंत दिग्विजयनाथ की सोच थीं। महंत अवैद्यनाथ ने शिक्षा के विस्तार के साथ उसे स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता से जोड़ने पर जोर दिया। बालिकाओं को पढ़ाई के साथ सिलाई-कढ़ाई जैसे कौशल सिखाने की भी उनकी चिंता थी। खेल प्रतिभाओं के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गई। पूर्वी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों की सुविधा के लिए 1977 में प्रताप आश्रम और बाद में अन्य छात्रावास बने। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 23 से 29 सितंबर तक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान-यज्ञ चला। इसके साथ देश, काल और समाज को प्रभावित करने वाले समसामयिक विषयों पर वैचारिक संगोष्ठियां हुईं। देश के अलग-अलग हिस्सों से संत और विद्वान इसमें शामिल हुए। उन्होंने स्थिरता को जीवन में सिद्धि का सबसे बड़ा मंत्र बताया और कहा कि जिन महापुरुषों की पूजा और गुणगान करते हैं, उनके गुणों को जीवन में उतारने का भी प्रयास होना चाहिए। राजस्थान के विधायक महंत बालकनाथ ने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवैद्यनाथ ने नाथ संप्रदाय और गोरक्षपीठ की पहचान देशभर में स्थापित की।

ग्रेटर नोएडा में एमसीए के छात्र ने कमरे में फंदे से लटककर जान दी

- एक महीने से कर रहा था ऑनलाइन पढ़ाई

डेली आवाज भारती

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर अल्फा-2 में बुधवार को एक एमसीए फर्स्ट ईयर के छात्र द्वारा अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के साथ फोरेंसिक साइंस लैब की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अभिषेक निवासी नगला खगो, थाना पटियाली, जिला कासगंज के रूप में हुई है।



अभिषेक वर्तमान में ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-2 स्थित मकान नंबर 364, ब्लॉक-एच में रह रहा था। बताया गया है कि वह करीब एक महीने पहले ही गौतमबुद्धनगर आया था और यहां रहकर एमसीए फर्स्ट ईयर की ऑनलाइन पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को थाना बीटा-2 पुलिस को अभिषेक द्वारा अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। कमरे में छात्र का शव मिला। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

3-4 अक्टूबर को हमीरपुर प्रवास पर रहेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल

शिमला। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल आगामी 3 और 4 अक्टूबर 2026 को जिला हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह पार्टी के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार डॉ. राजीव बिंदल भाजपा कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक कार्यों एवं विभिन्न विषयों पर संवाद किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारी बैठक में भी भाग लेंगे। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का यह प्रवास 3 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2026 तक जिला हमीरपुर में रहेगा। इस दौरान कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग एवं प्रदेश पदाधिकारी बैठक उनके प्रमुख कार्यक्रम रहेंगे।

हरियाणाः सुरक्षित रक्त की पहुंच आसान बनाने के लिए सरकार ब्लड डोनेशन वैन की मदद लेगी : आरती सिंह राव

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव की अध्यक्षता में ÷विशेष उच्च अधिकार प्राप्त खरीद समिति÷ (SHPPC) की बैठक में राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने, आवश्यक दवाओं व चिकित्सा आपूर्ति को सुगम बनाने तथा मरीज देखभाल सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। इस बैठक के दौरान रक्तदान और ट्रांसफ्यूजन सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए जिला अस्पतालों के लिए लगभग 4.18 करोड़ रुपये की लागत से 9 ब्लड डोनेशन वैन के दो साल के रेट कॉन्ट्रैक्ट को अंतिम रूप दिया गया, जिससे विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने और सुरक्षित रक्त की पहुंच आसान बनाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सिविल अस्पताल, करनाल में



पीपीपी मोड के तहत सीटी स्कैन और एमआरआई स्कैन सेवाओं की दरें भी तय कर दी गई, जिससे मरीजों को सस्ती एवं आधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

ड्रग वेयरहाउस और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए दवाओं व टीकों के सुरक्षित भंडारण, बेहतर इन्वेंट्री प्रबंधन और निर्बाध बिजली आपूर्ति हेतु 274 स्टार्टर्स व एक्सटेंशन रैक के लिए लगभग 1.94 करोड़ रुपये तथा 9 डीजल जनरेटर सेटों (50 चक्र) के लिए लगभग 86.23 लाख रुपये के दो वर्षीय अनुबंध को अंतिम रूप दिया गया।

नेत्र विज्ञान और ईएनटी जांच व सर्जिकल सेवाओं को उन्नत करने के लिए 6 ऑप्टिकल बायोमीटर, 13 ईएनटी ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप और 6 एडवांस्ड फेको इमल्सीफिकेशन मशीनों की दरें भी लगभग 12.22 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत पर तय की गई। गंभीर बीमारियों की रोकथाम और आपातकालीन व्यवस्थाओं के तहत तपेदिक (टीबी) की त्वरित और सटीक जांच के लिए 6.72 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 1,00,000 माइक्रो पीसीआर टीबी टेस्ट किट (ट्रूनेट चिप्स) की दर स्वीकृत की गई, जबकि जिला अस्पतालों में स्थापित पीएसए (PSA) ऑक्सीजन प्लांट्स के सुचारू संचालन और रखरखाव के लिए 8.55 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया ताकि मेडिकल ऑक्सीजन की निर्बाध उपलब्धता बनी रहे। इसके अलावा, पूरे हरियाणा के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर बजट स्वीकृत किए गए। इसमें नियमित नैदानिक, सर्जिकल और मरीज देखभाल सेवाओं के लिए लगभग 132 करोड़ रुपये के मेडिकल कंज्यूमेबल्स, सरकारी आयुष सुविधाओं में इलाज करा रहे मरीजों के लिए लगभग 80 करोड़ रुपये की आयुष दवाएं, तथा रेबीज संक्रमण के जोखिम वाले लोगों के समय पर इलाज के लिए 12.10 करोड़ रुपये की एंटी-रेबीज वैक्सीन शामिल हैं। साथ ही, स्कूली बच्चों में एनीमिया रोकथाम कार्यक्रम के तहत वीकली आयरन एंड फोलिक एसिड सप्लीमेंट्स (WIFS) जूनियर सप्लाई के लिए 3 करोड़ रुपये और गर्भवती महिलाओं व अन्य मरीजों में एचआईवी और सिफलिस की शुरुआती जांच के लिए 2.10 करोड़ रुपये के ड्यूल किट्स की दरें तय की गईं। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य सरकार के इन सभी फैसलों से राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में दवाओं, टीकों और जांच किटों की किल्लत दूर होगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं का ढांचा और अधिक सशक्त होगा।

भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों को सजा दिलाएगा इंडिया ब्लॉकः राहुल गांधी

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि इंडिया ब्लॉक भारतीय लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वालों को सजा दिलाना सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल लोगों का पद या वरिष्ठता मायने नहीं रखती, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र देश के हर व्यक्ति से बड़ा है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में इंडिया ब्लॉक की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी दलों के नेताओं ने भारतीय संविधान की सामूहिक रूप से रक्षा करने की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले महीनों में विपक्ष देश में बड़े बदलाव लाएगा। राहुल गांधी ने कहा, ÷मुख्य मुद्दा वोट चोरी का था। हर पार्टी का मानना है कि



भाजपा, पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने भारतीय लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने कहा, यह इंडिया के सभी नेताओं की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता है कि हम भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को सजा दिलाना सुनिश्चित करेंगे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितने वरिष्ठ हैं या कौन हैं। भारतीय लोकतंत्र इस देश के हर व्यक्ति से बड़ा है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बैठक में यह भावना भी सामने आई कि विपक्ष जनता तक यह बात पहुंचाने में काफी हद तक सफल रहा है कि चुनावों में कथित तौर पर धांधली हो रही है और भाजपा के नेताओं ने लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि खासकर युवाओं के बीच एक नया प्रतिरोध देखने को मिल रहा है। युवाओं को लग रहा है कि देश में जो कुछ हो रहा है, वह गलत है और इसे रोका जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, मैंने सभी विपक्षी नेताओं से यह भी कहा कि वे भारतीय संविधान के सामूहिक रक्षक हैं। हमारे लिए एक साथ काम करना सम्मान की बात है। हमें विश्वास है कि आने वाले कुछ महीनों में हम देश में गंभीर बदलाव लाएंगे। इंडिया ब्लॉक के प्रमुख नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में बैठक कर चुनाव आयोग के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की रणनीति पर चर्चा की।

सर, की प्रक्रिया में पारदर्शिता और हर मतदाता को पूरा अवसर मिले : राव नरेंद्र सिंह

डेली आवाज भारती

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ट्रक) के नाम पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हो रहे बदलाव को लेकर कांग्रेस ने गंभीर चिंता जताई है। हरियाणा कांग्रेस मामलों के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम प्रक्रिया की जल्दबाजी में नहीं हटना चाहिए। संजय दत्त ने कहा कि अभियान शुरू होने के समय प्रदेश के 90 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 2.06 करोड़ मतदाता दर्ज थे। स्ट्रक के पहले चरण में करीब 33.84 लाख मतदाताओं के नाम



ड्राफ्ट सूची में दर्ज नहीं हो पाए, जिनमें स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, अनुपस्थित, डुप्लीकेट अथवा अन्य कारणों से रिकॉर्ड में नहीं आए मतदाता शामिल थे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में नोटिस जारी किए गए हैं और इन मामलों में सुनवाई की प्रक्रिया अभी जारी है। वर्तमान कार्यक्रम के अनुसार दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 28 अक्टूबर 2026 तक किया जाना है, जबकि अंतिम मतदाता सूची 6 नवंबर 2026 को प्रकाशित होनी है। संजय दत्त ने कहा कि यदि हजारों-लाखों मतदाताओं से जुड़े मामलों में सुनवाई लंबित है, तो उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय और अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता सूची केवल प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मतदान के संवैधानिक अधिकार से जुड़ा महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है।

ईसीआई का बड़ा फैसला

फॉर्म 6 को पुराने फॉर्मेट में किया बहाल, नॉन-एसआईआर राज्यों में अतिरिक्त घोषणा हटाई गई

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने उन राज्यों में अपने ईसीआईनेट एप्लीकेशन पोर्टल से फॉर्म 6 (वोटर एनरोलमेंट फॉर्म) के साथ जुड़ी अतिरिक्त घोषणा को हटाने का फैसला किया है, जहां विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा हो चुका है। ईसीआईनेट सिस्टम में ये बदलाव 30 सितंबर से लागू हो गए हैं। हालांकि, यह घोषणा उन राज्यों के लिए लागू रहेगी जहां एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की प्रक्रिया चल रही है। ईसीआई पोर्टल यह भी दिखाता है कि घोषणा फॉर्म उन 13 राज्यों के लिए उपलब्ध है, जहां वोटर लिस्ट में सुधार की प्रक्रिया चल रही है। एसआईआर प्रक्रिया के दौरान नए वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म 6 का इस्तेमाल किया



जाता है। साथ ही, जिन लोगों के नाम गिनती के चरण (एन्यूमरेशन फेज) के दौरान हटा दिए गए थे, उन्हें दोबारा लिस्ट में शामिल करने के लिए भी इसकी जरूरत होती है। पिछले एसआईआर के समय की वोटर लिस्ट के साथ वोटरों की मैपिंग के बारे में फिजिकल फॉर्म में एक अलग घोषणा जोड़ी गई थी। यह अतिरिक्त घोषणा विवाद का कारण बनी, क्योंकि इसे कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन करके किया गया था और दो चुनाव आयुक्तों, विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू, ने इस पर आपत्ति जताई थी। खबरों के अनुसार, अपनी असहमति जताते हुए दोनों चुनाव आयुक्तों ने कहा था कि यह ईसीआई के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और केवल कानून मंत्रालय को ही कोई बदलाव सुझाने या लागू करने का अधिकार है। दोनों आयुक्तों का तर्क था कि 'रजिस्ट्रेशन ऑफ इलेक्टर्स रूल्स, 1960' के तहत तय फॉर्म में नियमों में संशोधन किए बिना कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। हालांकि, बाद में चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि मूल कानूनी फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं किया गया था और स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान इसके साथ केवल एक अलग 'एनेक्जर-डी' (अनुबंध-डी) जोड़ा गया था। इसका मतलब है कि जिन राज्यों में एसआईआर पूरी हो चुकी है।

इंडिया गठबंधन की बैठक में चुनाव आयोग पर हमला, 2 से 8 अक्टूबर तक 'लोकतंत्र बचाओ मार्च' का ऐलान

डेली आवाज भारती

नई दिल्ली। इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और कथित 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर आगे की रणनीति का ऐलान किया। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, TMC प्रमुख ममता बनर्जी समेत कई विपक्षी दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर साझा आंदोलन चलाने पर सहमति बनी। INDIA गठबंधन की बैठक के बाद, कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, काफी अच्छी चर्चा हुई। वोट चोरी हुई है, सभी नेता यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन लोगों ने भारतीय लोकतंत्र



को बर्बाद किया है, उन्हें सज़ा मिले। इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि वे कितने सीनियर हैं या कौन हैं; भारतीय लोकतंत्र इस देश के हर व्यक्ति से बड़ा है... बैठक में यह भावना भी थी कि विपक्ष भारत के लोगों तक यह बात पहुँचाने में काफ़ी सफल रहा है कि चुनाव में धांधली हुई है, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने लोकतंत्र को बर्बाद कर दिया है, और लोगों में, ख़ासकर युवाओं में, विरोध की एक नई भावना पैदा हुई है कि भारत में जो हो रहा है वह ग़लत है और उसे रोका जाना चाहिए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खे गे ने कहा, ÷चर्चा कम से कम 3-3.5 घंटे तक चली और सभी ने इसमें हिस्सा लिया। बहुत से नेताओं ने अपने विचार रखे। उसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन ने अपनी बात रखी। मुझे खुशी है कि सभी ने मिलकर, एकमत से, एकजुट होकर, मजबूती के साथ लड़ाई लड़ने की बात की है। बहुत से सुझाव भी राहुल गांधी ने और ममता बनर्जी ने भी दिए हैं। सभी पार्टी के लोग जो यहां पर बैठे हैं, उन्होंने भी सुझाव दिए... आज चुनाव आयोग के साथ कठपुतली की तरह खेला जा रहा है। असल में पीएम मोदी और अमित शाह ऐसा कर रहे हैं। दो-तीन लोगों को मोहरा बनाकर, वे लोग वोटों की चोरी करवा रहे हैं और चुनाव जीत रहे हैं। जहां भी हमारे नेता न्यायपूर्ण लड़ाई लोकतंत्र के लिए लड़ रहे हैं, युवाओं के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं, उन्हें भी तंग करने का प्रयास किया जा रहा है। खे गे ने कहा देश के लोगों, युवाओं और INDIA गठबंधन के लोगों के अलावा, जो हृतह और संविधान व लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को भी इसमें शामिल करके 2 अक्टूबर से लेकर 8 अक्टूबर तक, जिला स्तर पर 'लोकतंत्र बचाओ मार्च' करेंगे।

पिंकसिटी प्रेस क्लब की 35वीं वार्षिक साधारण सभा में पारित हुए कई प्रस्ताव

डेली आवाज भारती

जयपुर पिंकसिटी प्रेस क्लब लि. जयपुर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में बुधवार 30 सितम्बर 2026 को रजिस्टर्ड कार्यालय 54, नारायण सिंह सर्किल, जयपुर में प्रातः 11.30 बजे आयोजित की गई। महासचिव राजकुमार शर्मा ने बताया कि वार्षिक साधारण सभा की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय लेखा-जोखा, बैलेन्स सीट एवं ऑडिट रिपोर्ट को पारित कर अनुमोदित (पास) किया। पिंकसिटी प्रेस क्लब लि जयपुर के आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षक अनिल शेखावत एण्ड कम्पनी और कम्पनी सचिव के लिए



महेन्द्र प्रकाश खण्डेलवाल को नियुक्ति किया गया। बैठक में क्लब के 143 साधारण सदस्यों ने भाग लिया। क्लब कोषाध्यक्ष नमोनारायण अवस्थी ने क्लब की वर्तमान वित्तीय स्थिति के बारे में बताया। वर्तमान प्रबन्ध कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, अनिता शर्मा, मतीष पारीक, निखलेश कुमार शर्मा, छगन लाल शर्मा, विकास आर्य, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, महन्त संतोष कुमार शर्मा, मुकेश शर्मा, उमग माथुर, धूली लाल मीणा कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में क्लब की वित्तीय स्थिति, क्लब संचालन एवं क्लब में अनुशासन को बनाएं रखने के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

CMYK

page 8_Layout 1 30-09-2026 21:37 Page 1

देर रात एसएसपी का सरप्राइज चेकः खन्ना पुलिस के नाकों पर पहुंचे डॉ. दर्पण आहलूवालिया, दिए कड़े निर्देश

लोगों की सुरक्षा है हमारी पहली प्राथमिकता' : एसएसपी खन्ना

डेली आवाज भारती







खन्ना/लुधियाना/रवीश कपूर : वरिष्ठ पुलिस कप्तान (एसएसपी) खन्ना डॉ. दर्पण आहलूवालिया ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और पुलिसकर्मियों की तैयारी का जायजा लेने के लिए खन्ना पुलिस जिले के विभिन्न नाकों का देर रात अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाकों पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत कर ड्यूटी संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को हर समय सतर्क, सचेत और किसी भी स्थिति से तुरंत निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए नाकों पर कड़ी निगरानी रखने के साथ-साथ वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की प्रभावी ढंग से जांच सुनिश्चित की जाए। एसएसपी डॉ. आहलूवालिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा से संबंधित किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तुरंत और आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को अपने कर्तव्य पूरे अनुशासन, पेशेवराना ढंग और समर्पण भावना से निभाने के लिए भी प्रेरित किया। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि लोगों की सुरक्षा पुलिस की मुख्य प्राथमिकता है और इसे सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा 24 घंटे सतर्कता और सक्रिय पुलिसिंग जारी रखी जाएगी। खन्ना पुलिस द्वारा शहर और जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति को मजबूत रखने और आम लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

पराली के उचित प्रबंधन को लेकर एडीसी विवेक मोदी की बेलर मालिकों के साथ अहम बैठक

- जिला बरनाला को पराली मुक्त बनाने के लिए तैयार किया गया विशेष रोडमैप
- बेलर मालिकों को डंपिंग साइट के लिए पंचायती जमीन उपलब्ध करवाने का भरोसा

डेली आवाज भारती



बरनाला। उपायुक्त बरनाला श्री हरप्रीत सिंह के नेतृत्व में जिला बरनाला में धान की पराली को आग लगाने से रोकने और इसके उचित प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन की ओर से बड़े स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी के तहत अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) श्री विवेक मोदी की अध्यक्षता में बेलर मालिकों के साथ अहम बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एडीसी (जनरल) श्री विवेक मोदी ने बताया कि पिछले वर्ष बेलर मालिकों के सहयोग से जिले में एक्स-सीटू (E&-situ) पराली प्रबंधन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और पराली की मात्रा लगभग 15,000 मीट्रिक टन से बढ़कर 2 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष एक्स-सीटू प्रबंधन के तहत पराली की मात्रा को और बढ़ाते हुए इसे लगभग दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि इस सीजन के दौरान पराली के इन-सीटू (In-situ) और एक्स-सीटू (E&-situ) प्रबंधन के लिए एक सुव्यवस्थित रणनीति और विशेष रोडमैप तैयार किया गया है। बेलर मालिकों को पराली की स्टोरेज और डंपिंग से संबंधित आ रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। इस उद्देश्य के लिए डीडीपीओ बरनाला के साथ तालमेल कर बेलर मालिकों को पराली के डंप लगाने के लिए उचित पंचायती जमीन उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। श्री विवेक मोदी ने बताया कि बेलरों के उचित और प्रभावी इस्तेमाल के लिए क्षेत्र का स्पष्ट रोडमैप तैयार किया गया है, ताकि प्रत्येक ब्लॉक और गांव में बेलर समय पर और आसानी से पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इस बार पैलेट यूनिटों और संबंधित उद्योगों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित करके पराली की लिफ्टिंग तथा एक्स-सीटू उपयोग की प्रक्रिया को और तेज किया जाएगा। उन्होंने बेलर मालिकों से अपील की कि वे धान की कटाई के सीजन के दौरान किसानों को समय पर बेलिंग की सुविधा उपलब्ध करवाएं और पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग दें।

जालंधर में अमित शाह की रैली से पहले पोस्टरवार, बीजेपी से नशे और पानी पर पूछे तीखे सवाल

- भाजपा और अमित शाह की रैली का हो रहा विरोध

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः देश के गृहमंत्री अमित शाह जालंधर के दौरे पर है। शहर में भाजपा और अमित शाह के खिलाफ पोस्टरवार शुरू हो गया है और उनकी रैली का विरोध किया जा रहा है। शहर में अलग-अलग जगहों पर लगाए पोस्टरों में अमित शाह और बीजेपी से नशे और पानी के मुद्दे को लेकर सवाल पूछे गये हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस भी भाजपा पर नशे को लेकर सवाल उठा चुकी है। शहर में लगाए पोस्टरों में अमित शाह की फोटो लगाई गई है और भाजपा से नशे और पानी के मुद्दे को लेकर सवाल पूछे गए हैं। इन पोस्टरों में लिखा है कि पंजाब में भाजपा गुजरात से नशा तस्करी क्यों करवा रही है, भाजपा पंजाब का पानी हरियाणा और राजस्थान को क्यों देना चाहती है? भाजपा अकाली दल मिलकर काले कानूनों को वापिस क्यों लाना चाहती है?

कांग्रेस भी नशे पर उठा चुकी है सवाल

आपको बता दें कि बीते दिन ही सासंद चरणजीत सिंह चन्नी और विधायक परगट सिंह ने रैली को लेकर जमकर निशाना साधा था। इस दौरान उन्होंने भाजपा से सवाल किए थे कि देश में वह 15 सालों से सत्ता में है। हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में उनकी सरकारें है, लेकिन फिर भी वहां पर नशा क्यों नहीं खत्म हो रहा। वहीं बॉर्डर एरिया से आ रही नशे की खेप को लेकर भी सवाल पूछा गया था।

पंजाब में बदल जाएगा सरकारी स्कूलों का समय, जानिए नया टाइम टेबल ?

- स्कूल सुबह 8:30 बजे खुलेंगे और दोपहर 2:30 बजे छुट्टी होगी
- प्राथमिक, मिडिल, हाई और सीसे स्कूलों में लागू होगी व्यवस्था
- शैक्षणिक सत्र की समयसारणी को ध्यान में रखते लिया फैसला
- पंजाब में शैक्षणिक सत्र में तीन बार स्कूलों का समय बदलता है

डेली आवाज भारती



जालंधर/जतिनः पंजाब में 1 अक्टूबर से सभी सरकारी स्कूलों के समय में बदलाव होने जा रहा है। नए शेड्यूल के मुताबिक स्कूल सुबह 8:30 बजे खुलेंगे और दोपहर 2:30 बजे छुट्टी होगी। यह व्यवस्था राज्य के प्राथमिक, मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में लागू की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अनुसार यह टाइमिंग 31 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगी। शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों और स्कूल प्रमुखों को नए समय का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पहले स्कूलों की टाइमिंग सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक थी। स्कूलों के समय में बदलाव मौसम में परिवर्तन और शैक्षणिक सत्र की समयसारणी को ध्यान में रखते लिया गया है। पंजाब में शैक्षणिक सत्र में साल में तीन बार स्कूलों का समय बदलता है।

1 अप्रैल से 30 सितंबर तक
स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहता है। पंजाब में 19 हजार से अधिक सरकारी स्कूल हैं, जहां यह बदलाव लागू होगा।

1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक
प्राइमरी स्कूलों का समय सुबह 8:30 से दोपहर 2:30 बजे तक रहेगा। मिडिल से सीसे स्कूलों का समय सुबह 8:30 से दोपहर 2:50 बजे तक रहेगा।

1 नवंबर से 28 फरवरी तक
प्राइमरी स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगेंगे। मिडिल से सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 3:20 बजे तक रहेगा।

एशियाई खेलों में गुरु नानक देव विश्व विद्यालय का जलवा, 6 पदकों से जापान में चमका नाम

अमृतसर,के.एस. बेदी : जापान की धरती पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के निशानेबाजों ने निशानेबाजी का ऐसा जलवा दिखाया कि पदकों की झड़ी लग गई। एशियाई खेलों में विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीतकर विश्वविद्यालय के खेल इतिहास में एक और सुनहरा अध्याय जोड़ दिया। नीरू ने ट्रैप के व्यक्तिगत और मिश्रित टीम मुकाबले में दो स्वर्ण पदक जीतकर विशेष गौरव हासिल किया, जबकि ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, आशी चौकसी, मनीषा कीर और नीरू ने रजत पदकों के साथ देश और विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इस शानदार उपलब्धि पर गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के उप-कुलपति प्रो. (डॉ.) करमजीत सिंह ने विजेता खिलाड़ियों से वीडियो कॉल के माध्यम से बातचीत करते हुए उन्हें दिल से बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का झंडा ऊंचा करना पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व की बात है।

दीपक शर्मा दीपु की समाजसेवा का दायरा बढ़ेगा, मोहाली-चंडीगढ़-जीरकपुर तक पहुंचाने का बिल्लू वाल्मीकि ने दिया भरोसा

101 जरूरतमंद बेटियों के सामूहिक विवाह में क्षेत्रवासियों से शामिल होकर आशीर्वाद देने की अपील

डेली आवाज भारती




कुराली, (संदीप अकालगढ़िया): समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी दीपक शर्मा दीपु के कुराली स्थित कार्यालय में बिल्लू वाल्मीकि, चेयरमैन वाल्मीकि सभा जिला मोहाली विशेष रूप से पहुंचे। इस दौरान दोनों के बीच समाज सेवा और जरूरतमंद परिवारों की सहायता से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बिल्लू वाल्मीकि ने दीपक शर्मा दीपु द्वारा किए जा रहे समाजसेवा के कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर बिल्लू वाल्मीकि ने कहा कि वह समाज सेवा के कार्यों में दीपक शर्मा दीपु के साथ हर तरह की मदद के लिए खड़े हैं। उन्होंने कहा कि दीपक शर्मा दीपु द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे प्रयास केवल कुराली तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इनका दायरा मोहाली, चंडीगढ़, जीरकपुर और आसपास के क्षेत्रों तक भी पहुंचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दीपक शर्मा दीपु अब केवल कुराली तक सीमित रहने वाला नाम नहीं रहेगा, बल्कि समाज सेवा के कार्यों को मोहाली, चंडीगढ़ और जीरकपुर तक आगे ले जाने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज में जब भी किसी जरूरतमंद व्यक्ति या परिवार को सहायता की आवश्यकता होगी, तो मिलकर उसकी मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। बिल्लू वाल्मीकि ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज के सक्षम लोगों और संस्थाओं को आगे आकर जरूरतमंद परिवारों का सहयोग करना चाहिए, ताकि कोई भी परिवार आर्थिक या सामाजिक मजबूरी के कारण खुद को अकेला महसूस न करे। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि सभा की ओर से भी जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर दीपक शर्मा दीपु की ओर से बिल्लू वाल्मीकि को सिरोपा पहनाकर सम्मानित किया गया। दीपक शर्मा दीपु ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग और मार्गदर्शन उन्हें जनसेवा के कार्यों को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

पंजाब और चंडीगढ़ में करवट बदल रहा मौसम, पांच अक्टूबर तक बारिश की संभावना नहीं



- मानसून की वापसी रेखा गुरदासपुर और चंडीगढ़ से होकर गुजर रही है

डेली आवाज भारती

मोहाली :पंजाब और चंडीगढ़ में अब गर्मी के जाने और सर्दी के आने के लक्षण दिखने लगे हैं। आने वाले कुछ दिनों में दिन का तापमान धीरे-धीरे बढ़ सकता है।लेकिन सुबह और रात में मौसम ठंडा हो जाएगा। 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक शुष्क मौसम रहने की संभावना है। बारिश की कोई संभावना नहीं है। मानसून की वापसी जारी है। इसकी वापसी रेखा गुरदासपुर और चंडीगढ़ से होकर गुजर रही है।

बठिंडा में 34 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज

उत्तर-पश्चिमी हवाओं से वातावरण में नमी कम होगी। जिससे मौसम और भी शुष्क हो जाएगा। पिछले 24 घंटों में पंजाब का अधिकतम तापमान 3.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। हालांकि, अधिकतम तापमान अभी भी सामान्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम है। राज्य में सबसे अधिक तापमान बठिंडा में 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

फिरोजपुर मंडल में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

फिरोजपुर, (अमनदीप गिरधर): फिरोजपुर मंडल द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत मंडल चिकित्सालय फिरोजपुर में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.रंजना सहगल के मार्गदर्शन में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इसके अलावा लुधियाना, अमृतसर, जलंधर सिटी, जलंधर कैंट आदि रेलवे स्टेशनों और स्वास्थ्य इकाइयों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों (स्वच्छता कर्मियों) के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। शिविरों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा किट एवं आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। साथ ही चिकित्सा जांच एवं परामर्श की व्यवस्था भी की गई ताकि उनके शारीरिक स्वास्थ्य एवं जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्भूपेन्द्र द्वारा सफाई मित्रों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर समानित किया गया।

एलपीयू हिंसा मामले पर हाई कोर्ट सख्त, पंजाब सरकार से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी

डेली आवाज भारती



चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (LPU) में हुई हिंसा, तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी के मामले में पंजाब सरकार से जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस की अगुवाई वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 8 अक्टूबर तय की है।यह सुनवाई यूनिवर्सिटी के एक स्टूडेंट की तरफ से फाइल की गई एक पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (क्छ्हू) पर हुई। पिटीशन में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (ष्ठ्ठह्लह्ल) से घटना की इंडिपेंडेंट और इंपायरलेस जांच की मांग की गई है। पिटीशनर के वकील गौरव चोपड़ा और एडवोकेट अर्जुन श्योराण ने कहा कि कैंपस में हिंसा के दौरान आगजनी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ और लूटपाट हुई, जिसकी गंभीरता को देखते हुए जांच की ज्यूडिशियल सुपरविजन जरूरी है।

बताया जा रहा है कि 26 और 27 सितंबर को एक स्टूडेंट के साथ कथित रेप की अफवाहों के बाद कैंपस में टेंशन बढ़ गया था। यूनी मॉल में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के अलावा, दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे भी करीब 18 घंटे तक प्रभावित रहा। पुलिस ने कहा है कि कथित रेप की पुष्टि नहीं हुई है और जांच के लिए स्ढ्ढज्ञ बनाई गई है। तनाव को देखते हुए यूनिवर्सिटी ने 28 सितंबर से 10 दिनों के लिए क्लास और एग्जाम टाल दिए हैं।

जालंधर में अमित शाह की रैली से पहले श्री देवी तालाब मंदिर और स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी



डेली आवाज भारती

जालंधर/जतिन : महानगर में परागपुर के पास देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बड़ी रैली को संबोधन किया जाना है। जिससे पहले बुधवार सुबह जालंधर स्थित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसको लेकर एक ईमेल जालंधर स्थित कैंब्रिज स्कूल के ऑफिशल मेल एड्रेस पर पहुंची है। बम से उड़ाने की धमकी मिलते ही जालंधर पुलिस को सूचना दे दी गई है। ई-मेल में अमित शाह की रैली के मंच से लेकर शहर की कई प्रमुख सार्वजनिक इमारतों को बारूद से उड़ाने की खौफनाक चेतावनी दी गई है। वहीं लोकल पुलिस के साथ-साथ इंटेलिजेंस सोर्सेस एक्टिव हैं।

मां त्रिपुरमालिनी मंदिर पहुंचेंगे गृह मंत्री अमित शाह

मेल में लिखा है कि 11:11 बजे स्कूलों, वहीं 12:11 बजे श्री देवी तालाब मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। दोपहर 2:11 बजे कचहरी परिसर और 3:11 बजे एक कार्यालय में धमाके किए जाएंगे। ई-मेल के अंत में 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' और 'बब्बर खालसा (परमार-कनाडा)' समेत 4 लोगों के नाम लिखे मिले हैं।

धान खरीद सीजन के मद्देनजर एसडीएम आयुष गोयल ने अनाज मंडियों और शेलरों की अचानक जांच की

- विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ की बैठक
- किसानों को मंडियों में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी: आयुष गोयल

डेली आवाज भारती



तपा। उपायुक्त बरनाला श्री हरप्रीत सिंह आईएएस के निर्देशों के तहत उप मंडल मजिस्ट्रेट तपा श्री आयुष गोयल ने धान खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए मार्केट कमेटी तपा और भदौड़ के सचिवों, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारियों तथा विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मंडियों में धान की खरीद के लिए किए गए आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की और धान की निर्बाध खरीद सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए। इसके अलावा उन्होंने कृषि अधिकारियों और आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से कहा कि किसानों को मंडियों में सूखा धान ही लाने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके बाद एसडीएम आयुष गोयल ने सब-डिवीजन तपा की विभिन्न अनाज मंडियों और शेलरों की अचानक जांच की। इस जांच का मुख्य उद्देश्य धान की खरीद शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी करवाना था, ताकि किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान एसडीएम आयुष गोयल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, छाया, बिजली और शौचालयों सहित सभी आवश्यक सुविधाओं के उचित प्रबंध तुरंत पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीद प्रबंधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।